
सभी पाठकों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

# संताल एक्सप्रेस

वर्ष- 08 | अंक -154 दुमका | epaper.santalexpress.com | santalexpress20@gmail.com | 03 मार्च 2026, मंगलवार | पृष्ठ-10, मूल्य : 2 रुपये



## बाबूलाल मरांडी ने बागबेड़ा जलापूर्ति योजना का मामला उठाने का दिया आश्वासन



संताल एक्सप्रेस

**जमशेदपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सोमवार को जमशेदपुर पहुंचे, जहां सर्किट हाउस में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।इसके बाद बाबूलाल ने अपने निजी दौरे के बाद सीधे सर्किट हाउस पहुंचे मरांडी ने बंद कमरे में पार्टी पदाधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की। इस दौरान उन्होंने हालिया नगर निकाय चुनाव के परिणामों की समीक्षा करते हुए खास तौर पर मानगो नगर निगम और जुगसलाई नगर परिषद में पार्टी की हार के कारणों की जानकारी ली। जिला अध्यक्ष संजीव सिन्हा सहित मंडल स्तर के कई पदाधिकारियों ने उन्हें जमीनी स्थिति से अवगत कराया।बैठक में मरांडी ने कार्यकर्ताओं से अभी से विधानसभा और लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने को कहा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी इलाकों में भी संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। होली से पहले हुए इस दौरे को संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।इस दौरान बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। बागबेड़ा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सुबोध झा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने वर्षों से लंबित योजना को धरातल पर उतारने की मांग की। नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकारी फंड के दुरुपयोग के कारण करीब चार लाख से अधिक लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। मरांडी ने आश्वासन दिया कि वे इस मामले को उचित मंच पर उठाएंगे और समाधान के लिए प्रयास करेंगे।

## डीएसपीएमयू में गतिरोध बरकरार कर्मचारी नहीं मनाएंगे होली

**रांची।**डीएसपीएमयू में शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के आह्वान पर चल रहा कलमबंद आंदोलन सोमवार को 12वें दिन भी जारी रहा। कर्मचारी अपनी प्रमुख मांग एसीपी/एमएसीपी के भुगतान की बहाली को लेकर आंदोलनरत हैं। उनका आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। विरोध स्वरूप कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर कार्य का बहिष्कार किया। संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने रजिस्ट्रार डॉ. धनंजय वासुदेव द्विवेदी को पुनः ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की। कर्मचारियों में व्याप्त आक्रोश का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने इस वर्ष होली पर्व न मनाने का सामूहिक निर्णय लिया है।

## कतरास से नाबालिग लड़की लापता

**कतरास।** कतरास रेलवे कालोनी से रविवार को एक नाबालिग लड़की लापता हो गई। स्वजन ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की लेकिन कुछ भी पता नहीं चला। इधर उसके पिता उत्तम कर्मकार ने कतरास थाना में लिखित शिकायत देकर खोजबीन करने की मांग की है। पुलिस शिकायत के आधार पर खोजबीन शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि मैं रेलवे कालोनी पानी टंकी के समीप रहता हूं। एक दुकान में काम करता हूं। मेरी 17 वर्षीय बेटी इफसिता कर्मकार कक्षा 12 वीं की छात्रा है। उसके पास मोबाइल है,वह दोपहर करीब 12 : 30 बजे अपनी मां से यह कहकर घर से निकली कि वह बाजार जा रही है। लेकिन शाम तक नहीं लौटी। इसी बीच शाम करीब 6 : 30 बजे मोबाइल मेरी बेटी की मोबाइल से अज्ञात व्यक्ति का फोन आया जिसने अपना नाम प्रमाणिक बताया। उसने कहा कि आपकी बेटी बर्दमान पहुंच गई और मेरे बेटा आपकी बेटी से शादी करना चाहता है। बाद में मेरी बेटी का मोबाइल स्विच आफ हो गया। अपने स्तर से काफी खोजबीन की कोई पता नहीं चला। जानकारी मिली कि वह बर्दमान के किसी लड़का से बातचीत करती थी। इससे अधिक कोई जानकारी हमलोगों को नहीं है। पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेकर छानबीन शुरू कर दी है।

## दो मंजिला घर में लगी आग, लाखों का नुकसान

संताल एक्सप्रेस

**उधवा।** राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पश्चिमी उधवा दियारा पंचायत के यार मोहम्मद टोला गांव में सोमवार को हुई भीषण अगलगी की घटना में एक दो मंजिला मकान में रखा लाखों रुपये मूल्य का सामान जलकर राख हो गया. इस हादसे से पीड़ित परिवार पूरी तरह बेसहारा हो गया है.प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्वार्गीय हाजी लोकमान हाकिम का बेटा मोजीबुर रहमान के मकान के बाहर पाठ/पराली एवं पटखुड़ी के पाले में किसी बच्चे द्वारा आग जलाए जाने से चिंगारी भड़क उठी. तेज हवा के कारण आग ने अचानक विकराल रूप ले लिया और किसी तरह मकान की दूसरी मंजिल के भीतर प्रवेश कर गई. जिससे घर के अंदर आग लग गई. आग लगते ही दूसरी मंज़िल में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया. इस अगलगी में घर में रखा नकद 5 लाख 45 हजार, लगभग 2 लाख 70 हजार मूल्य के सोने के आभूषण, 14 मन राई, धान, कपड़े, फर्नीचर एवं अन्य कीमती घरेलू सामग्री पूरी तरह स्वाहा हो गई.आग की तेज लपटों से मकान के ढांचे को भी नुकसान पहुंचा है और दीवारों में दरारें आ गई हैं. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन एवं दमकल विभाग को अवगत कराया गया. दमकल कर्मियों तथा ग्रामीणों की तत्परता से आग पर काबू पाया. जिससे आस-पड़ोस के मकानों को बचा लिया गया अन्यथा नुकसान और भी व्यापक हो सकता था. अगलगी के बाद पीड़ित परिवार लाचार और मजबूर है. खाने-पीने का अनाज, कपड़े और जरूरी सामान सब कुछ जल जाने से परिवार पर गंभीर आर्थिक संकट आ खड़ा हुआ है. ग्रामीणों और समाजसेवियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष से तत्काल मुआवजा, आवास सहायता, राशन एवं अन्य सरकारी लाभ शीघ्र उपलब्ध कराया जाएं।

## राजमहल में मासिक अपराध गोष्ठी

**राजमहल।**राजमहल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय कक्ष में सोमवार को एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी हुई .इस दौरान लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सहित कई दिशा-निर्देश दिये गये. गोष्ठी के उपरांत एसडीपीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी थाना प्रभारियों को क्राइम कंट्रोल से संबंधित कई निर्देश दिये गये. बैठक में थानावार अपराधिक कांडों की समीक्षा की गई. कांडों के त्वरित निष्पादन पर जोर दिया गया. थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनी रहे इसके लिए पुलिस को खास नजर रखने को कहा गया है। साथ ही होली त्योहार को लेकर पुलिस को विशेष सतर्क रहने एंव रात्रि गश्ती बढ़ाने को कहा गया है. इसके अलावे विधि व्यवस्था का बेहतर ढंग से संधारण, नागरिक सुरक्षा को लेकर भी कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये. अवैध लॉटरी के कारोबार पर नकेल कसने को कहा गया। वारंटी की गिरफ्तारी, ससमय वाहन चेकिंग आदि का भी आवश्यक निर्देश दिया गया.मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर राजीव रंजन, राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय पांडे, तालझारी थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडे सहित अन्य उपस्थित थे.

## होली को लेकर रंग गुलाल और पिचकारी की बिक्री जोरों पर



**संताल एक्सप्रेस मंडरो।** मडरो प्रखंड क्षेत्र के बाजार में होली त्योहार को लेकर ग्रामीणों की चहल-पहल दिखी. लोगो ने बाजार में अबीर, गुलाल, पिचकारी एवं पकवान की समाग्री की खरीददारी की.मिर्जाचौकी,मंडरो,भगैया की बाजार में अच्छी खासी भीड़ देखी गई. दुकानदार जगनारायण गुप्ता,अरविंद कुमार,मोनू कुमार ने बताया कि होली त्योहार को लेकर लोग असमंजस में है. किसी का कहना है की होली तीन मार्च को होगी. कुछ का कहना है कि चंद्र ग्रहण है. इसलिए होली चार मार्च को ही होगी.अधिकतर लोग लोगों का कहना है.कि होली चार मार्च को मनाएंगे.

# होली को लेकर राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 10 हजार जवान रहेंगे तैनात



संताल एक्सप्रेस

**रांची।** होली पर्व को लेकर राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 24 जिलों में कानून-व्यवस्था के लिए होली के मौके पर विधि-व्यवस्था ड्यूटी संभालने के लिए इस बार झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप), इंडियन रिजर्व बटालियन (आईआरबी), गृह रक्षा वाहिनी, एसएसबी और रैफ के 10 हजार से अधिक जवानों की तैनाती की गयी है। होली को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट मोड में है। डीजीपी तदाशा मिश्रा के निर्देश पर राज्यभर में अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती की गयी है। पुलिस मुख्यालय की ओर से संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखने को कहा गया है।साथ ही सभी थाना प्रभारियों को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने पीसीआर, टाइगर पुलिस और बीट पुलिस से भी लगातार संपर्क स्थापित करते रहने का निर्देश दिया गया है।राजधानी में तैनात रहेंगे 04 हजार सुरक्षाकर्मी राजधानी रांची में होली पर्व को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। जिले भर में लगभग 4000 अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है।रांची के एसएसपी राकेश रंजन ने बताया की जिले भर में अतिरिक्त 4000 पुलिस बल तैनात किए गए हैं। रांची जिला बल के अलावा, रैफ, एसएसबी और होमगार्ड के जवानों को लगाया गया। सभी थानों में क्विक रिस्पांस टीम भी तैनात की गई है।साथ ही संवेदनशील इलाकों में भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। सभी थाना प्रभारियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। सभी पुलिस कर्मियों को सुरक्षा में मुस्तैद रहने का निर्देश दिया गया है।होली के दौरान सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए सभी थानों में क्यूआरटी तैनात रहेगी। सभी जवानों को होली के दौरान चौकन्ना रहने का निर्देश दिया गया है। रांची के कचहरी स्थित कंट्रोल रूम में आपात स्थिति के लिए अग्निशमन वाहन और एंबुलेंस को तैनात रखा गया है।उन्होंने बताया कि होली के दौरान अक्सर लोग शराब पीकर वाहन चलाते हैं। ऐसे वाहन चालकों पर नकेल कसने के लिए ट्रैफिक पुलिस को मुस्तैद रहने का निर्देश दिया गया है। तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों पर भी नजर रखने को कहा गया है।साथ ही सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने वालों पर खास नजर रखने को कहा गया है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर साइबर सेल को नजर रखने का निर्देश दिया गया है।

## रांची में 2-3 सितंबर को 'मतदाता पंजीकरण' पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस , देश-विदेश के विशेषज्ञ होंगे शामिल

संताल एक्सप्रेस

**रांची ।** झारखंड की राजधानी रांची में 2 से 3 सितंबर 2026 तक 'मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता पंजी' विषय पर अंतरराष्ट्रीय स मेलन आयोजित किया जाएगा। यह स मेलन मु य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के कार्यालय और सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड के संयुक्त तत्वाधान में होगा।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सोमवार को निर्वाचन सदन में आयोजित प्रेस वार्ता में स मेलन की वेबसाइट और ब्राउचर लॉन्च किया। उन्होंने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य मतदाता पंजीकरण और मतदाता सूची की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सटीक और समावेशी बनाने पर वैश्विक स्तर के अनुभवों को साझा करना है।।स मेलन में आईआईएम रांची, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ और सेंट जेवियर्स कॉलेज नॉलेज पार्टनर के रूप में शामिल होंगे। इन संस्थानों के शिक्षाविद, शोधकर्ता और चुनाव प्रबंधन से जुड़े विशेषज्ञ विभिन्न सत्रों में अपने विचार रखेंगे।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि स मेलन में विभिन्न लोकतांत्रिक देशों के प्रतिनिधि, विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर, शोधार्थी और निर्वाचन संबंधी मास्टर ट्रेनर भाग लेंगे। सभी के सुझावों और शोधपत्रों के आधार पर एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा, जो भविष्य में मतदाता सूची प्रबंधन के सुधार में सहायक होगा।उन्होंने बताया कि 21 से 23 जनवरी 2026 तक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भारत मंडपम में आयोजित आईआईसीडीईएम स मेलन में झारखंड ने 'मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता पंजी' विषय पर प्रस्तुति दी थी। इस प्रस्तुति की अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने सराहना की थी। उसी क्रम में अब रांची में यह विशेष अंतरराष्ट्रीय स मेलन आयोजित किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में संयुक्त मु य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ट्रेनिंग नोडल अधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर सहित आईआईएम रांची के डॉ. सुभ्रा रजत बलबंतरे, एनयूएसआरएल के डॉ. आनंदकुमार आर. शिंदे और सेंट जेवियर्स कॉलेज के डॉ. बी.के. सिन्हा एवं डॉ. आशुतोष कुमार पांडेय उपस्थित थे।

## राष्ट्र प्रथम के भाव से ओतप्रोत कार्यकर्ता पार्टी की ताकत :आदित्य साहू




संताल एक्सप्रेस

**रांची।**प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद आदित्य साहू की अध्यक्षता में रविवार को रांची में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष गण, प्रदेश और जिलों की प्रशिक्षण टोली शामिल हुई। बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश जी सहित प्रदेश प्रभारी एवं सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, केंद्रीय टोली के सदस्य राजकुमार फ़लवारिया, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,पी एन सिंह,डॉ रविंद्र कुमार राय, रघुराज पांडेय ,केके गुप्ता, बबलू भगत,प्रियंका रंजन,उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने किया।कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ता निर्माण की कुंजी है। पार्टी की रीति नीति,कार्य पद्धति,इतिहास विकास से कार्यकर्ताओं को परिचित कराना, यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक प्रशिक्षित कार्यकर्ता हमारे विरोधियों के सैकड़ों पर भारी पड़ता है। उन्होंने कहा कि भाजपा मां भारती को सर्वोच्च शिखर पर आसीन करने केलिए संकल्पित है। हमारे पूर्वजों ने जो दृढ़ संकल्प लिया है उसे पूरा करने की जिम्मेवारी आज की पीढ़ी पर है। उन्होंने कहा कि भारत को आत्म निर्भर भारत बनाने केलिए पार्टी के करोड़ों प्रशिक्षित विचारवान कार्यकर्ता जरूरी है।प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद आदित्य साहू ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि भाजपा विचार आधारित पार्टी है। देश की अधिकांश पार्टियां आज परिवार के विरासत तक सिमट गई है लेकिन भाजपा अपने वैचारिक अधिष्ठान के बल पर दुनियां की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम के भाव से भरे हैं। जिसका परिणाम है कि आज भारत विश्व में अपना परचम लहरा रहा। भारत के तिरंगे की ताकत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम के भाव से भरे हुए कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत हैं।

प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि प्रधानमंत्री के पंच प्रण को जन जन तक लेकर जाने की जरूरत है। जिसमें सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी, सर्व समावेशी भाजपा के साथ पर्यावरण और स्थानीय उत्पाद के उपयोग केलिए वोकल फॉर लोकल का आह्वान है।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और भाजपा एनडीए की डबल इंजन सरकारों की उपलब्धियों से जन जन तक लेकर जाने की जरूरत है।संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मंडल प्रशिक्षण कार्यक्रम को मार्च अप्रैल तक पूर्ण करने की योजना को पूर्ण करें।

## झारखंड के चतरा में टायर फटने से स्लीपर बस पलटी, 12 यात्री घायल



संताल एक्सप्रेस

**चतरा।** बिहार के गयाजी जिले के डुमरिया से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जा रही एक स्लीपर बस झारखंड के चतरा जिले में अनियंत्रित होकर पलट गई। यह हादसा चतरा-डोभी मुख्य मार्ग पर मोरैंवा टोल प्लाजा से करीब एक किलोमीटर पहले एनएच-22 पर हुआ। बस (सीजी 13 क्यू 0805) का अगला टायर अचानक फटने से दुर्घटना हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस तेज रफ्तार में थी। बस में सफर कर रहे यात्री अनुज कुमार ने बताया कि घाटी क्षेत्र में पहुंचते ही बस का अगला टायर ब्लास्ट कर गया, जिसके बाद चालक बस पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस सड़क किनारे पलट गई। हादसे में करीब 12 यात्री घायल हो गए। कई यात्रियों के हाथ-पैर में फ्रैक्चर की आशंका जताई जा रही है।प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, इस हादसे में किसी यात्री की मौत नहीं हुई है। गंभीर रूप से घायल पांच यात्रियों को चतरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि एक घायल को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है।घायलों की पहचान जहानाबाद निवासी राकेश कुमार, गयाजी जिले के वजीरगंज निवासी रंधीर कुमार, डुमरिया के संजीत कुमार, चतरा के सुजीत कुमार, बगरा के कमलेश कुमार और जोरी के अमृत कुमार के रूप में हुई है।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची ।

## साहिबगंज में निकला फ्लैग मार्च



**संताल एक्सप्रेस /साहिबगंज ।** होली के त्योहार को देखते हुए सोमवार को बरहेट प्रखंड में प्रशासनिक सक्रियता बढ़ गई है. प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी अंशु कुमार पांडे के नेतृत्व में पुलिस बल ने बरहेट बाजार के विभिन्न हिस्सों में फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया.फ्लैग मार्च की शुरुआत बोरियो बस स्टैंड से हुई. जिसके बाद सुरक्षा बलों ने बरहेट तीनमोहनी समेत बाजार की अन्य मुख्य सड़कों और संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया. इस मार्च का मुख्य उद्देश्य आम जनता के बीच सुरक्षा का भरोसा जगाना और शांति भंग करने वाले तत्वों को चेतावनी देना था.अधिकारियों ने की शांति की अपील मार्च के दौरान बीडीओ अंशु कुमार पांडे और पुलिस पदाधिकारियों ने स्थानीय लोगों से संवाद किया. उन्होंने अपील किया कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं. किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें.शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें.वही शांति समिति की बैठक का आयोजन फ्लैग मार्च से पूर्व बरहेट थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई. बैठक में शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार संपन्न कराने की रणनीति तैयार की गई. मौके पर पुलिस निरीक्षक नुनू देव राय, थाना प्रभारी पवन कुमार सहित बरहेट थाने के कई पुलिस पदाधिकारी और जवान मुख्य रूप से उपस्थित थे.

## पलामू में बुजुर्ग की धारदार हथियार से हत्या

**पलामू ।** श्राद्ध का भोज खाने गए एक बुजुर्ग की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। उसका शव दो दिन बाद सोमवार को जंगल से बरामद किया गया। घटना पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के सेवती डाक बंगला के समीप पदमा जाने वाली सड़क से सटे कुसुमटाड़ जंगल में हुई। शव का पोस्टमार्टम एमएमसीएच में कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।मृतक की पहचान आर्का पंचायत के काजी पकरी निवासी राजदेव महतो (70) के रूप में हुई है। इस संबंध में पत्नी दुलारी देवी के बयान पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।थाना प्रभारी आनंद राम ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच तेज है।पत्नी के अनुसार 27 फरवरी की रात में गांव में गोतिया के यहां श्राद्ध का भोज खाने के लिए पति-पत्नी दोनों गए थे। राजदेव ने शराब पी रखी थी। रात को पत्नी घर आ गई। उसे लगा कि कुछ देर बाद राजदेव भी लौट जाएंगे, लेकिन वे नहीं लौटे। उनकी खोजबीन शुरू की गई, लेकिन कहीं कोई अता-पता नहीं चल पा रहा था।सोमवार को इस संबंध में थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी थी। इसी बीच सुबह में घर से कुछ दूर आगे कुसुमटाड़ जंगल में दुर्गंध आने पर लोगों ने देखा कि एक शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची।

## ट्रक और बाइक के बीच सीधी भिड़ंत में तीन लोगों की मौत

**खूंटी।** रनिया थाना अंतर्गत तुरीगड़ा गांव में सोमवार की शाम को ट्रक और पल्सर मोटरसाइकिल के बीच हुई सीधी भिड़ंत में बाइक सवार तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान खूंटी थाना क्षेत्र के लटरजंग निवासी सनिका मुंडा, तुरी मुंडा और गांव उड़रिंग थाना गुडडी पश्चिमी सिंहभूम के मानु बरजो के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक बाइक सवार रनिया से मरचा की तरफ जा रहे थे, वहीं ट्रक मरचा से रनिया की ओर जा रहा था। तुरीगड़ा गांव के पास ट्रक की टक्कर बाइक से हो गई।घटना के बाद मौजूद लोगों ने रनिया थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस तीनों शवों को रनिया थाना ले गई है। मंगलवार को सभी शवों का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक पर सवार तीनों लोग सड़क से 10 फीट नीचे खेत में जा गिरे। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक भागने में सफल रहा।

## ट्रेन से झारखंड के साहिबगंज से बिहार भेजी जा रही है शराब



**अमित सिंह /साहिबगंज ।** एक दिन बाद होली है.और होली में शराब की डिमांड बढ़ जाती है.वैसे बिहार में शराबबंदी है.फिर भी लोगो को होली पर मस्ती करने के लिए शराब तो चाहिए ही.ऐसे में बिहार में शराब की बढ़ी डिमांड को पूर्ति करने के लिए झारखंड के साहिबगंज के शराब माफिया पूरी तरह से सक्रिय हो कर प्रतिदिन ट्रेन के माध्यम से भारी मात्रा में शराब साहिबगंज से बिहार भेज रहे है.और रेल पुलिस को शराब माफियाओं के इस काले कारनामे की जानकारी तक नही चल पा रही है.मामला सोमवार का है.रामपुरहाट गया पैसेंजर ट्रेन सकरीगली सुबह 11:43 बजे पहुंची.पहले से लगभग 20-25 बोरा में पैक शराब की बोतल को तीन से चार लड़का हरेक बोगी के नीचे बैटरी बाक्स में शिफ्ट करने के कार्य में लग गया.महज तीन मिनट में सभी शराब की पेटी को बैटरी बाक्स में शिफ्ट कर दिया.ठीक 11:46 बजे सकरीगली से ट्रेन खुली और रामपुरहाट गया पैसेंजर ट्रेन 11:53 बजे साहिबगंज के प्लेटफार्म नंबर दो पर पहुंची.फिर दो लड़को ने ट्रेन से उतरकर दो शराब की पेटी को दूसरे बोगी के बैटरी बॉक्स में रखा पूछे जाने पर लड़कों ने बताया कि कुछ जरूरी सामान है उसी को बैटरी बॉक्स में रखे हैं लगभग 8 से 10 मिनट के बाद रामपुरहाट गया पैसेंजर ट्रेन साहिबगंज से खुल गई.लेकिन रेल पुलिस को इन शराब माफियाओं की काली करतूत का पता नही चल पाया.कुल मिलाकर कहे तो रेल पुलिस डाल डाल पर चल रही है तो शराब माफिया पात पात पर चलते हुए फल फूल रहे है.

## विधायक निधि की एंबुलेंस बनी कबाड़ सालों से धूल फांक रहे है लाखों के वाहन



जयराम मंडल

**उधवा ।** जनसेवा के नाम पर सरकारी धन का किस तरह दुरुपयोग होता है. इसकी झलक जिले के उधवा प्रखंड के राधानगर गांव में देखने को मिल रही है । पूर्व विधायक अनंत ओझा ने कहा है कि क्षेत्रीय विकास के लिए अपने निधि से खरीदी गई एंबुलेंस आज सुविधा देने के बजाय खुद बीमार होकर कबाड़ में तब्दील हो चुकी हैं. विडंबना यह है कि जहाँ एक ओर ग्रामीण इलाकों में मरीज अस्पताल पहुंचने के लिए निजी वाहनों को भारी किराया देने को मजबूर हैं. वहीं लाखों की लागत वाली यह गाड़ियां सालों से एक ही जगह खड़े-खड़े सड़ रही हैं.उक्त एंबुलेंस के टायर पंचर हो चुके हैं या टयुब नष्ट हो गए.सालों से बंद रहने के कारण इंजन जाम हो चुके हैं.राधानगर गांव में सड़क किनारे खड़ी इन गाड़ियों के ऊपर धूल जम चुके हैं और मवेशियों का बसेरा बन चुका है.यहां तक कि एंबुलेंस के भीतर लगे जीवन रक्षक उपकरण और बैटरी आदि खराब हो चुकी हैं.लाखों का निवेश, परिणाम शून्य लगभग पांच वर्ष पहले क्षेत्रीय विधायक अनंत कुमार ओझा द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ये एंबुलेंस धरणीर किरण सेवा न्यास को सौंपी गई थीं. शुरुआत में कुछ महीनों तक इनका संचालन हुआ. लेकिन रखरखाव के अभाव और तकनीकी खराबी के बाद इन्हें ठीक कराने की जिम्मेदारी किसी ने नहीं उठाई.मरीजों की बढ़ी मुसीबतग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर है. स्थानीय लोगों ने बताया कि जब कभी रात में इमरजेंसी होती है तो हमलोगों को मजबूरी में 2 से-3 हजार रुपये देकर निजी गाड़ी बुलानी पड़ती है. समाजिक कार्यकर्ता सह सीपीआईएम नेता उत्तम कुमार मंडल का कहना है कि यह जनता के टैक्स के पैसे की खुली बर्बादी है.

## रांची-वाराणसी वन्दे भारत एक्सप्रेस का हजारीबाग रोड स्टेशन पर हुआ ठहराव



**धनबाद।** यात्रियों की सुविधा के लिए रांची-वाराणसी वंदे भारत का ठहराव हजारीबाग रोड में शुरू हुआ। बगोदर विधायक नागेन्द्र महतो एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण के द्वारा हजारीबाग रोड स्टेशन पर गाड़ी रांची-वाराणसी वन्दे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर इसके ठहराव का शुभारम्भ किया गया 7 इस अवसर पर अन्य गणमान्य अतिथिगण सहित मंडल के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे । गाड़ी संख्या 20887 रांची-वाराणसी वन्दे भारत एक्सप्रेस 08.12 बजे हजारीबाग रोड स्टेशन पहुंचेगी एवं 08.14 बजे प्रस्थान करेगी 7 इसी प्रकार गाड़ी संख्या 20888 वाराणसी-रांची वन्दे भारत एक्सप्रेस 20.17 बजे हजारीबाग रोड स्टेशन पहुंचेगी तथा 20.19 बजे प्रस्थान करेगी।

सभी पाठकों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

# संताल एक्सप्रेस

वर्ष- 08 अंक -154 दुमका | epaper.santalexpress.com | santalexpress20@gmail.com | 03 मार्च 2026, मंगलवार | मूल्य : 2 रुपये


## संक्षिप्त खबरें

### आज लगेगा चंद्र ग्रहण

**नई दिल्ली ।** साल का पहला चंद्र ग्रहण मंगलवार को लगने वाला है. यह एक खंडग्रास चंद्र ग्रहण होगा, जो सिंह राशि और पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में लगेगा. यह चंद्र ग्रहण भारत में भी दिखाई देगा. इस चंद्र ग्रहण का सूतक काल भी भारत में मान्य होगा. चंद्र ग्रहण दोपहर को 3 बजकर 20 मिनट पर शुरू होगा. और शाम को 6 बजकर 46 मिनट पर समाप्त होगा. इसका सूतक काल सुबह 6 बजकर 20 मिनट से लागू हो जाएगा. यह चंद्र ग्रहण भारत के कई बड़े शहरों में दिखाई देने वाला है.

### झारखंड में अप्रैल से शुरू होगा एसआईआर

**रांची:** झारखंड में मतदाता सूची को पूरी तरह अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए अप्रैल 2026 से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान शुरू होने जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सभी तैयारियां जल्द पूरी करने का निर्देश दिया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया अप्रैल से प्रारंभ होकर लगभग तीन महीने तक चलेगी। 11 मार्च तक सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। इसके बाद गणना चरण शुरू होगा, जिसमें मतदाताओं को गणना फॉर्म भरना अनिवार्य होगा।

### झारखंड में 6 से 8 मार्च तक आंशिक बादल छाने के आसार

**रांची ।** झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में 6 से 8 मार्च तक आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है। उत्तर-पूर्वी बांग्लादेश और उससे सटे मेघालय क्षेत्र से लेकर विदर्भ होते हुए पश्चिम बंगाल के गंगा नदी से जुड़े इलाकों, ओडिशा के आंतरिक हिस्सों और दक्षिणी छत्तीसगढ़ तक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसका प्रभाव झारखंड पर भी पड़ सकता है।

### सूचना

**03 और 04 मार्च को होली की छुट्टी रहेगी। अखबर का अगला अंक 6 मार्च को प्रकाशित होगा।**

# झारखंड में टाटा का मेगा प्लान 11 हजार करोड़ का होगा निवेश

## हेमंत सोरेन से टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने की मुलाकात

संवाददाता

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरन से सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन एवं टाटा स्टील के सीईओ टीवी नरेंद्रन ने औपचारिक मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान झारखंड में टाटा समूह की विकास में भागीदारी पर चर्चा हुई। इसके बाद मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि टाटा समूह झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे विश्व पटल पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। कई सारे संस्थाओं का संचालन टाटा समूह की ओर किया जाता है। टाटा समूह झारखंड से अपनी



शुरुआत की और यह निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है। उम्मीदवार एवं विश्वास है कि टाटा समूह का यह सफर अनवरत और मजबूती के साथ आगे बढ़े। आज एक औपचारिक मुलाकात है।

प्रेस वार्ता में एन. चंद्रशेखरन ने झारखंड में कौशल विकास और औद्योगिक निवेश को लेकर कई अहम घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि टाटा समूह राज्य सरकार के साथ मिलकर झारखंड को नई तकनीक, हरित उद्योग और ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। चेयरमैन ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर युवाओं के लिए नए कौशल विकसित किए जाएंगे और मौजूदा कौशल को अपग्रेड किया जाएगा। यह पहल राज्य सरकार के सहयोग से संचालित होगी, ताकि उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप स्थानीय युवाओं को तैयार किया जा सके।

# भारत को यूरेनियम देगा कनाडा

## पीएम मोदी और कनाडाई पीएम कार्नी की मुलाकात के बाद करार

### ➡ डिफेंस और एनर्जी सेक्टर में सहयोग करेंगे दोनों देश

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री मोदी और कनाडाई पीएम मार्क कार्नी के बीच सोमवार सुबह हैदराबाद हाउस में मुलाकात हुई। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा- भारत और कनाडा के बीच निवेश-ट्रेड डील पर बातचीत हुई है। दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों के लिए एमओयू किया गया है। इससे दोनों देशों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। पीएम मोदी ने कहाकि सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में, हमने यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए एक ऐतिहासिक समझौता किया है। इसके अतिरिक्त, हम छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों और उन्नत रिएक्टर प्रौद्योगिकियों के विकास पर सहयोग करेंगे। कृषि, कृषि प्रौद्योगिकी और खाद्य सुरक्षा में मूल्यवर्धन करना भी हमारे लक्ष्यों में शामिल है।

पीएम ने पश्चिम एशिया में ईरान वार को लेकर कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव से भारत चिंतित है। भारत विश्व में शांति और स्थिरता चाहता है। हर समस्या का समाधान बातचीत के जरिए निकाला जाना चाहिए। पीएम ने आगे कहा



कि हम इस बात से सहमत हैं कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता न केवल हमारे दोनों देशों बल्कि पूरी मानवता के सामने गंभीर चुनौतियाँ हैं। वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए इन खतरों से निपटने में हमारा घनिष्ठ सहयोग आवश्यक है। विभिन्न मौजूदा मुद्दों पर भारत का रुख स्पष्ट है। भारत में भारत -कनाडा पल्स प्रोटीन उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा। रक्षा एवं सुरक्षा क्षेत्र में बढ़ता सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास और परिपक्व संबंधों का प्रतीक है। हम रक्षा उद्योगों, समुद्री क्षेत्र जागरूकता और सैन्य आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे। इसी उद्देश्य से हमने आज भारत-कनाडा रक्षा संवाद स्थापित करने का निर्णय लिया है।

# 20 मार्च को होगा दुमका नप उपाध्यक्ष का चुनाव, जोड़-तोड़ शुरू

### ➡ कम से कम 10 वार्ड पार्षदों का समर्थन लेने वाले वार्ड पार्षद को मिलेगी उपाध्यक्ष की कुर्सी

सुमन सिंह

**दुमका ।** दुमका नगर परिषद के अध्यक्ष और वार्ड पार्षदों के चुनाव के बाद अब शहरवासियों की नजरें 20 मार्च को होने वाले उपाध्यक्ष पद चुनाव पर टिक गई है।नगर परिषद का उपाध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता के द्वारा न होकर अप्रत्यक्ष चुनाव होना है।चुने हुए वार्ड पार्षद अपने बीच से एक उपाध्यक्ष को चुनेंगे।दुमका नगर परिषद में 21 वार्ड है।सभी नव निर्वाचित 21 वार्ड पार्षद उपाध्यक्ष का चुनाव करेंगे।इस पद के लिए जोड़-तोड़ शुरू हो गया है।उपाध्यक्ष पद के कई दावेदार हैं जो समर्थन जुटाने के लिए वार्ड पार्षदों से संपर्क साधने लगे हैं।इस बीच रविवार को दुमका नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभिषेक चौरसिया रांची में दुमका विधायक बसंत सोरेन से मिल कर उनका आशीर्वाद लिया।अभिषेक चौरसिया के वार्ड नंबर 10 के वार्ड पार्षद कन्हाई प्रसाद भी विधायक बसंत सोरेन से मिले।इस मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होते ही दुमका में अटकलों का बाजार गर्म हो गया है।कन्हाई प्रसाद अचानक चर्चा में आ गए हैं।यह बताया जा रहा है कि वे नव निर्वाचित अध्यक्ष अभिषेक चौरसिया के नजदीकी वार्ड पार्षद हैं और उपाध्यक्ष पद के दावेदार हैं।बता दें कि 21 वार्ड पार्षद वाले दुमका नगर परिषद के उपाध्यक्ष पद के लिए बहुमत का आंकड़ा 11 है।जो वार्ड पार्षद अपने साथ कम से कम 10 अन्य वार्ड पार्षदों को जोड़ लेगा,उसे उपाध्यक्ष पद की कुर्सी मिल जाएगी।

# गोड्डा में दिनदहाड़े डकैती का प्रयास, गार्ड को मारी गोली

संवाददाता

**गोड्डा ।** बैंक ऑफ़ इंडिया की केंचुआ चौक, महागामा शाखा में सोमवार को दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों ने डकैती का प्रयास किया गया। हालांकि बैंक के निजी सुरक्षा गार्ड की सतर्कता के कारण अपराधी अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सके।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना लगभग सुबह 11.30 बजे की है। हेलमेट और मास्क पहने करीब पांच से छह अपराधी बैंक परिसर में पहुंचे। एक व्यक्ति हेलमेट पहनकर बैंक के अंदर प्रवेश किया। गेट पर तैनात निजी सुरक्षा गार्ड विनोद सिंह ने उससे हेलमेट हटाने को कहा, जिस पर वह उलझ गया। देखते ही देखते दोनों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इसी दौरान अपराधी ने गार्ड पर गोली चला दी, जो उनके बाएं कंधे में जा लगी। गोली लगते ही




गार्ड जमीन पर गिर पड़े।

गोली चलने की आवाज से बैंक परिसर में अफरा-तफरी मच गई और ग्राहक सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। स्थिति बिगड़ती देख अपराधी मौके से फरार हो गए।

सूचना मिलते ही महागामा थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। बाद में एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद भी पहुंचे और घायल गार्ड को तत्काल रेफरल अस्पताल, महागामा पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने एक्स-रे जांच कराई, जिसमें गोली बाएं कंधे में फंसी पाई गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए देवघर स्थित एम्स देवघर रेफर किया गया।

पुलिस ने बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की है। फुटेज में पांच अपराधी दिखाई दे रहे हैं, जिनके पास हथियार थे। वे घटना के बाद बाइक से बसुआ चौक की ओर भागते नजर आए। घटनास्थल से दो खोखा और एक चप्पल बरामद किया गया है।

पुलिस ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्र में सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है और विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही घटना में शामिल आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# आजीवन कारावास की सजा काट रहे 23 कैदियों की होगी रिहाई

## मुख्यमंत्री ने विचार-विमर्श के बाद दी सहमति

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण परिषद की 36वीं बैठक मंगलवार को हुई।

इस बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 23 कैदियों को रिहा किए जाने से पर सहमति बनी। बैठक में राज्य सजा पुनरीक्षण परिषद द्वारा अनुशंसित नए मामलों के साथ-साथ पिछली बैठकों में रिहाई से संबंधित अस्वीकृत किए गए 34 मामलों की भी गहन समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आजीवन सजा काट रहे 34 कैदियों के रिहाई प्रस्ताव पर बिंदुवार गहन विचार-



विमर्श किया, और अंततः 23 कैदियों की रिहाई पर सहमति दी गई।

मुख्यमंत्री ने कैदियों के अपराध की प्रवृत्ति,न्यायालयों,संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों,जेल अधीक्षकों एवं प्रोबेशन अधिकारियों द्वारा दिए गए मंतव्यों की समीक्षा करने के बाद यह सुनिश्चित किया कि रिहाई न्यायिक नियमों, सामाजिक सुरक्षा एवं कारा अधिनियमों के दृष्टिकोण से वैध और उचित रहे।




## शेयर बाजार में 30 सेकेंड में 7.80 लाख करोड़ डूबे

भारतीय शेयर बाजार में इजराइल-अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद, जिस तरह से सारी दुनिया में अफ़रा-तफ़री का माहौल बना है, इसका सबसे ज्यादा असर शेयर बाजारों पर पड़ा है। इसमें भी सबसे ज्यादा असर भारतीय शेयर बाजार में हुआ है। बाजार खुलते ही 30 सेकंड के अंदर निवेशकों के लगभग 7.80 लाख करोड़ रुपए एक ही झटके में डूब गए। उसके बाद घरेलू संस्थागत निवेश को ने 2292.8 करोड़ रुपए की खरीदारी कर बाजार को गिरने से रोका। सोमवार को बाजार खुलते ही शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की बिकवाली देखने को मिली। 7536.4 करोड़ के शेयर विदेशी निवेशकों के बेचने से भारतीय बाजार में कोहराम मच गया। शेयर बाजार की अस्थिरता से इंडेक्स 15 फ़ीसदी उछलकर 15.78 पर पहुंच गया। उसके बाद निवेशकों ने डूबने से बचने के लिए भारी बिकवाली शुरू कर दी। शेयर बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि की आशंका को देखते हुए सभी सेक्टर में भारी बिकवाली देखने को मिली। देखते ही देखते निफ्टी 350 अंकों से ज्यादा का गोता लगाने के बाद देसी संस्थागत निवेशकों के कारण निवेशकों की ऑक्सीजन लेने की स्थिति बनी। शेयर बाजार में शाम को कारोबार बंद होने के समय निफ्टी 313 अंकों की गिरावट के साथ 24865 तथा मुंबई स्टॉक एक्सचेंज 1043 अंकों की गिरावट के साथ 80238 पर कारोबार कर रहा था। शेयर बाजार में गिरावट के लिए मुख्य रूप से इजरायल और अमेरिका की ओर से ईरान पर जो हमला किया गया था, उस हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मृत्यु हो जाने के बाद दुनिया के कई देशों में हालात बिगड़ गए। ईरान ने प्रतिक्रिया स्वरूप पश्चिम एशिया के उन देशों पर हमला किया, जहां पर अमेरिकी सैन्य अड्डे थे। ईरान के हमले से अमेरिकी सैन्य अड्डों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। यह माना जाता था, अमेरिका के यह सबसे सुरक्षित सैन्य क्षेत्र हैं। ईरान के हमले से तेल उत्पादक देशों में बड़े पैमाने पर अफरा-तफरी मच गई है। कच्चे तेल के दाम में लगभग सात फ़ीसदी से अधिक की तेजी देखने को मिली। कच्चे तेल का भाव बढ़कर 82.5 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। ईरान ने होमुर्ज से समुद्री आवाजाही को बंद कर दिया। कच्चे तेल के एक जहाज ने जबरदस्ती निकालने की कोशिश की। उस पर मिसाइल से हमला कर उसे जला दिया गया। जिसके कारण तेल की आपूर्ति पूरी तरह से बंद हो गई है। सोमवार को दुनिया भर के सभी बाजारों में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में भारी इजाफा देखने को मिला है। दुनिया भर के सभी शेयर बाजारों में हड़कंप की स्थिति बनी। भारतीय रुपया भी डॉलर के मुकाबले तेजी के साथ गिरा। डॉलर इंडेक्स इस समय 97.9 पर है। इस गिरावट को रोकने के लिए रिजर्व बैंक कोई हस्तक्षेप कर सकता है। इसका इंतजार आयातक कर रहे हैं। युद्ध को लेकर तीसरे दिन जिस तरह से ईरान ने ताबड़-तोड़ हमले किये है, उससे यूरोप के देशों में हड़कंप की स्थिति देखने को मिल रही है। इस युद्ध में तीसरे दिन ही अमेरिका और इजरायल को भी तगड़ा झटका लगा है। उन्हें इतने कड़े प्रतिरोध की आशा ईरान से नहीं थी। भारत की आर्थिक स्थिति पर इस युद्ध का सबसे गंभीर असर पड़ने जा रहा है। भारत 90 प्रतिशत कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस आयात करता है। जिस तरह से इनकी सप्लाई बाधित हुई है, कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस के दामों में तेजी आना शुरू हुई है। उसका बहुत बड़ा असर भारत की महंगाई, बेरोजगारी तथा अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय है। इस युद्ध में भारत की भूमिका एक तरह से मूक दर्शक की तरह है। भारत के प्रधानमंत्री युद्ध शुरू होने के 1 दिन पहले इजरायल की यात्रा पर थे। इजराइल से भारत आने के साथ ही ईरान पर हमला शुरू हो गया था। भारत युद्ध में कोई भाग नहीं ले रहा है, इसके बाद भी भारत निष्पक्ष भूमिका में नहीं रह गया है। भविष्य में भारत को इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। अमेरिका रोजाना भारत को आंखें दिखा रहा है। वर्तमान में रूस और ईरान से भी भारत की दूरियाँ बढ़ गई हैं। आगे चलकर भारत को बहुत सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। शेयर बाजार की गिरावट यदि एक हफ्ते भी बनी रही तो भारतीय शेयर बाजार का भगवान ही मालिक होगा, ऐसा अर्थ विशेषज्ञ कहने लगे हैं। भारतीय अर्थ-व्यवस्था 1990 की स्थिति में पहुंचने के आसार बन गये हैं।

## जीएसटी संग्रह से फिर दिखी भारत की आर्थिक ताकत



**- डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एक बार फिर कर संग्रह के ताजा आंकड़ों ने सकारात्मक संकेत दिए हैं। फरवरी 2026 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में 8.1 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज होना यह बताता है कि घरेलू मांग, आयात गतिविधियों और कर ढांचे की स्थिरता मिलकर अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार दे रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि यह बढ़त उस समय सामने आई है जब सरकार ने हाल ही में जीएसटी दरों में कटौती और टैक्स ढांचे को सरल बनाने जैसे बड़े सुधार लागू किए हैं।

फरवरी 2026 में जीएसटी संग्रह 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जोकि पिछले वर्ष इसी महीने 1.69 लाख करोड़ रुपये था। यह वृद्धि इस बात का संकेत है कि देश की आर्थिक गतिविधियों में निरंतर विस्तार हो रहा है। विशेष रूप से आयात और घरेलू खपत दोनों में तेजी ने कर संग्रह को मजबूती दी है।यह आंकड़ा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वैश्विक स्तर पर आर्थिक चुनौतियां और आपूर्ति श्रृंखला में अनिश्चितता बनी हुई है। ऐसे माहौल में भारत का राजस्व संग्रह स्थिर वृद्धि दिखा रहा है, जोकि आर्थिक मजबूती का स्पष्ट संकेत है। घरेलू मांग में सुधार बना मुख्य आधार जीएसटी संग्रह में वृद्धि का एक बड़ा कारण घरेलू मांग में सुधार रहा है। फरवरी में घरेलू सकल राजस्व 5.3 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.36 लाख करोड़ रुपये रहा।यह संकेत देता है कि उपभोक्ता खर्च में धीरे-धीरे तेजी आ रही है। त्योहारों के बाद भी खपत का स्तर मजबूत बना रहना इस बात की पुष्टि करता है कि भारत की आंतरिक मांग अर्थव्यवस्था के लिए एक स्थायी इंजन बन चुकी है। खासतौर पर खुदरा बाजार, सेवा क्षेत्र और विनिर्माण गतिविधियों में सुधार का असर कर संग्रह पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

**आयात से राजस्व में तेज उछाल**

फरवरी के आंकड़ों में एक और उल्लेखनीय पहलू आयात से मिलने वाले कर राजस्व में तेज वृद्धि है। आयात से प्राप्त सकल राजस्व 17.2 प्रतिशत बढ़कर 47,837 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह वृद्धि दो महत्वपूर्ण संकेत देती है; पहला, भारत में औद्योगिक उत्पादन और उपभोग के लिए कच्चे माल और उत्पादों की मांग बढ़ रही है; दूसरा, वैश्विक व्यापार में भारत की भागीदारी सक्रिय बनी हुई है।

जीएसटी 2.0 सुधारों के बावजूद स्थिर वृद्धि

सितंबर 2025 में सरकार ने जीएसटी ढांचे में बड़ा बदलाव करते हुए करीब 375 वस्तुओं पर कर दरें घटा दी थीं। इसके साथ ही चार टैक्स स्लैब को घटाकर दो प्रमुख स्लैब 05 प्रतिशत और 18 प्रतिशत कर दिया गया।सुधार लागू होने के शुरुआती महीनों में संग्रह में हल्की गिरावट देखी गई थी। नवंबर 2025 में जीएसटी संग्रह घटकर 1.70 लाख करोड़ रुपये रह गया था। लेकिन इसके बाद अर्थव्यवस्था ने तेजी से संतुलन स्थापित किया और दिसंबर में संग्रह 1.74 लाख करोड़ रुपये तथा जनवरी में 1.93 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। फरवरी के आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि कर दरों में कटौती के बावजूद राजस्व स्थिर बना हुआ है।

वित्त वर्ष में लगातार बढ़ रहा कुल संग्रह वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत से फरवरी तक कुल जीएसटी संग्रह 20.27 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि के 18.71 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 8.3 प्रतिशत अधिक है।उच्च आधार के बावजूद इतनी वृद्धि यह दर्शाती है कि कर संग्रह में संरचनात्मक मजबूती आ रही है।यह प्रवृत्ति यह भी बताती है कि डिजिटल कर प्रणाली, ई-इनवॉइसिंग और बेहतर अनुपालन जैसे कदमों का देश भर में सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है।कर संरचना में संतुलन का संकेत फरवरी के जीएसटी संग्रह में केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) 37,473 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 45,900 करोड़ रुपये रहा। वहीं इंटीग्रेटेड जीएसटी (आईजीएसटी) 1,00,236 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। यह वितरण इस बात को दर्शाता है कि केंद्र और राज्यों के बीच कर साझेदारी संतुलित तरीके से आगे बढ़ रही है।

रिफंड में वृद्धि से उद्योग को राहत

फरवरी में सरकार ने 22,595 करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.2 प्रतिशत अधिक है। रिफंड प्रणाली का तेज और पारदर्शी होना निर्यातकों और उद्योगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इससे उनकी नकदी प्रवाह की समस्या कम होती है और व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलती है। रिफंड को घटाने के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.61 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7.9 प्रतिशत अधिक है।

विशेषज्ञों की नजर में परिपक्व हो रही कर व्यवस्था आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह आंकड़े भारत की खपत आधारित अर्थव्यवस्था की ताकत को दर्शाते हैं। देश की राजधानी दिल्ली में कमोडिटी मार्केट में कार्यरत आर्थिक विशेषज्ञ रवि रंजन सिंह के अनुसार, दरों में कटौती के बावजूद संग्रह में वृद्धि यह दिखाती है कि उपभोग में आई तेजी ने राजस्व को संतुलित कर दिया है। उनका कहना है कि जीएसटी अब एक स्थिर और अनुमानित वृद्धि के चरण में प्रवेश करता दिखाई दे रहा है। चालू वित्त वर्ष में अब तक कुल संग्रह 20.27 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है, जोकि 8.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है और यह बताता है कि उच्च आधार के बावजूद राजस्व में संरचनात्मक स्थिरता बनी हुई है। वास्तव में यह भारत के कर ढांचे के परिपक्व होने और आर्थिक गतिविधियों के विस्तार का संकेत है।

## बदलते दौर में होली: परंपरा से आधुनिकता तक का सफर

**सुनील कुमार महला**

हर वर्ष फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होलिका दहन का पर्व मनाया जाता है और उसके अगले दिन चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा को रंगों की होली खेली जाती है। किंतु इस वर्ष पूर्णिमा तिथि पर वर्ष का पहला चंद्र ग्रहण पड़ने के कारण होलिका दहन और रंगोत्सव की तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ज्योतिषियों के अनुसार इस वर्ष 3 मार्च 2026 को वर्ष का पहला चंद्र ग्रहण पड़ रहा है और यह भारत में भी दृश्यमान होगा। द्रिक पंचांग के अनुसार ग्रहण दोपहर 3 बजकर 20 मिनट से प्रारंभ होकर सायं 6 बजकर 46 मिनट तक रहेगा। चूंकि यह ग्रहण भारत में दिखाई देगा, इसलिए इसका सूतक काल 9 घंटे पूर्व, अर्थात सुबह 6 बजकर 20 मिनट से प्रारंभ हो जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सूतक काल में शुभ कार्य, उत्सव, पूजन, भोजन बनाना और ग्रहण करना वर्जित माना जाता है। इस दौरान मंदिरों के कपाट भी बंद कर दिए जाते हैं। ऐसे में रंगों की होली खेलना अशुभ और नकारात्मक प्रभाव देने वाला माना गया है।शास्त्रों के अनुसार होलिका दहन के अगले दिन ही रंगों की होली खेली जाती है, किंतु इस बार ग्रहण के कारण विशेष सावधानी अपेक्षित है। होलिका दहन 2 मार्च 2026, सोमवार की रात्रि में भद्रा के पुच्छ काल में किया जा सकता है। भद्रा का पुच्छ 2 मार्च को रात्रि 11 बजकर 53 मिनट से 3 मार्च की रात्रि 1 बजकर 26 मिनट तक रहेगा। इसके अतिरिक्त 3 मार्च को प्रातः 5:30 बजे से 6:45 बजे के बीच भी होलिका दहन करना लाभकारी माना गया है, क्योंकि इसके बाद सूतक काल प्रारंभ हो जाएगा। चूंकि 3 मार्च को सूतक और ग्रहण का प्रभाव रहेगा, इसलिए उस दिन रंगों की होली खेलना उचित नहीं है। इस दृष्टि से 4 मार्च 2026 को रंगों की होली मनाना अधिक शुभ और लाभकारी रहेगा। ग्रहण समाप्ति के बाद स्नानादि कर शुद्ध होकर ही किसी भी प्रकार का उत्सव करना चाहिए।

होली का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व

होली भारत का एक प्राचीन और लोकजीवन से गहराई से जुड़ा उत्सव है। इसकी जड़ें भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं में गहराई तक समाई हुई हैं। फाल्गुन पूर्णिमा को होलिका दहन और अगले दिन रंगोत्सव मनाने की परंपरा सदियों पुरानी है। प्राचीन काल में होली केवल एक दिन का त्योहार नहीं होती थी, बल्कि पूरे फाल्गुन मास में फाग और उल्लास का वातावरण बना रहता था। गांवों में चंग और ढोल की थाप पर फाग गीत गूंजते थे, स्वांग और लोकनाट्य प्रस्तुतियां होती थीं तथा समाज के सभी वर्ग मिलकर उत्सव मनाते थे। पूर्वकाल में होली अत्यंत सामुदायिक और सौहार्दपूर्ण होती थी। लोग घर-घर जाकर फाग गाते थे। महिलाएं गाय के गोबर से उपले बनाती थीं, जिन्हें होलिका दहन की अग्नि में अर्पित किया जाता था। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति और कृषि संस्कृति से जुड़ी आस्था का प्रतीक था। होलिका पूजन विधि-विधान से किया जाता था, जिसमें परिवार की सुख-समृद्धि और उत्तम फसल की कामना की जाती थी। अग्नि में हरे चने और गेहूं की बालियां सेंकी जाती थीं। इन भुने चनों को 'होला' कहा जाता है, जिन्हें प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता था। यह परंपरा रबी की फसल के पकने और कृषि समृद्धि से जुड़ी थी। रंगों का आध्यात्मिक और दार्शनिक अर्थ होलिका दहन के अगले दिन प्राकृतिक रंगों, गुलाल और अबीर से होली खेली जाती थी। लोग गले मिलकर पुराने मतभेद भुला देते थे। होली का मूल संदेश है-मन के विकारों को जलाकर प्रेम, क्षमा और भाईचारे के रंग में रंग जाना।रंगों में तीन प्रमुख रंग माने गए हैं-लाल, हरा और नीला। शेष रंग इन्हीं से निर्मित होते हैं। लाल रंग उत्साह, साहस, सौभाग्य, उमंग और नवजीवन का प्रतीक है। यह मानवीय चेतना में तीव्र ऊर्जा और कंपन उत्पन्न करता है। होली का जोश और उल्लास लाल रंग में ही परिलक्षित होता है।हरा रंग विश्वास, उर्वरता, समृद्धि और प्रगति का प्रतीक है। यह विचारों की हरियाली और जीवन की खुशहाली का संदेश देता है। नीला रंग शांति, स्थिरता और व्यापकता का प्रतीक है। आकाश और समुद्र की विशालता की भांति यह समावेशी भावना का द्योतक है। वास्तु शास्त्र में इसे मानसिक शांति से जोड़ा गया है तथा योग दर्शन में इसे विशुद्ध चक्र (कंठ चक्र) के संतुलन से संबंधित माना जाता है।साहित्य में होली

महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने भी होली के उल्लास और प्रकृति के रंगों का सुंदर चित्रण किया है। उनकी कविता में लाल गुलाल और प्रकृति के राग-पराग का जो वर्णन मिलता है, वह होली के सांस्कृतिक सौंदर्य को सजीव कर देता है।

पारंपरिक होली बनाम आधुनिक होली पूर्वकाल में होली प्राकृतिक रंगों से खेली जाती थी-हल्दी से पीला, चुकंदर से लाल, फूलों से गुलाबी और नीम की पत्तियों से हरा रंग बनाया जाता था। ये रंग त्वचा के लिए सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक होते थे। पलाश के फूलों से बना रंग विशेष लोकप्रिय था। आज रासायनिक रंगों का प्रचलन बढ़ गया है, जिनमें कई बार सल्फर और भारी धातुओं का उपयोग होता है। इनके कारण त्वचा में जलन, एलर्जी, आंखों में संक्रमण तथा पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। पहले होली गीतों में अश्लीलता नहीं होती थी; फाग, ढोल-नगाड़े, चंग-डफ और बांसुरी के साथ सामूहिक उत्सव मनाया जाता था। नशे का प्रचलन सीमित था। समय के साथ डीजे संस्कृति, तेज ध्वनि और डिजिटल माध्यमों ने स्थान ले लिया है। आत्मीयता, बड़ों का आशीर्वाद लेने की परंपरा तथा सामुदायिकता में कमी देखी जा रही है।होली का वास्तविक संदेश

होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह सामाजिक एकता, प्रेम, क्षमा और बंधुत्व का प्रतीक है। यह शीत ऋतु की विदाई और ग्रीष्म ऋतु के आगमन का सांकेतिक पर्व भी है।

**पाकुड़ की खबरें**

## इफ्तार पार्टी को लेकर विशेष बैठक का हुआ आयोजन

पाकुड़। सोमवार को पाकुड़ जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव डॉ. तनवीर आलम उपस्थित रहे।बैठक में सभी जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं पंचायत अध्यक्षों के साथ आगामी दिनांक 5 मार्च 2026, गुरुवार को आयोजित होने वाली इफ्तार पार्टी को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इफ्तार पार्टी का आयोजन पाकुड़ के बैंक कॉलोनी स्थित मैरिज हॉल में किया जाएगा। बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों से कार्यक्रम को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने हेतु सक्रिय सहयोग, समन्वय एवं सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई।

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत 19150 रुपए की हुई वसूली

पाकुड़। पाकुड़ जिले के मालपहाड़ी (ओपी) थाना क्षेत्र में होली पर्व के मद्देनजर दुपहिया एवं चार पहिया वाहन से थाना प्रभारी राहुल कुमार गुप्ता द्वारा बहिरग्राम से तीन मोहनिया मोड़ तक सड़क सुरक्षा अभियान के तहत ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान चलाया गया, जिसमें 19150 रूपए की वसूली पुलिस टीम के द्वारा किया गया। थाना प्रभारी ने वाहन चालकों से शराब पीकर गाड़ी ना चलाने की हिदायत दी । जिन चालकों ने हेलमेट नहीं पहना था, उन्हें सख्त चेतावनी दी गई और यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दिया गया ।

## व्याहुत समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया होली मिलन समारोह



संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। सोमवार को स्थानीय व्याहुत भवन परिसर में ब्याहुत संघ पाकुड़ द्वारा हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन भगवान बलभद्र के आरती पूजन से प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर नव नियुक्त नगर परिषद अध्यक्ष शबरी पाल, मीरा प्रवीण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। उनका स्वागत ब्याहुत समाज द्वारा पुष्प गुच्छ देकर क्या गया। समाज के लोगों द्वारा एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। सभी ने मिलकर इस पर्व का आनंद लिया और आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। सभी ने आपस में जलपान का आनंद उठाया। पाकुड़ व्याहुत संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार भगत एवं सचिव अशोक कुमार भगत ने संयुक्त रूप से कहा कि होली का पर्व सद्भावना, प्रेम और एकता का प्रतीक है। जो प्रत्येक वर्ष बसंत ऋतु में फाल्गुन माह की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। यह त्योहार समाज में जाति, धर्म और वर्ग की दीवारों को तोड़कर एक जूता का संदेश देता है।

लोग बैर भाव को भुलाकर, एक-दूसरे के साथ रंग-गुलाल खेलते हैं और शुभकामनाएं देते हैं।

## विधायक ने ग्राम प्रधानों के बीच वितरण किया वाद्ययंत्र

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



हिरणपुर (पाकुड़)। सोमवार को घाघरजानि स्थित प्रखंड कार्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू ने 25 गांवो के ग्राम प्रधान के बीच आदिवासी पारम्परिक वाद्ययंत्र का वितरण किया गया। विधायक के आगमन पर शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वितरण कार्यक्रम में विधायक के द्वारा सभी ग्राम प्रधानों के बीच वितरण किया गया। वाद्ययंत्र मिलने से लोगो मे काफी खुशी देखी गई। विधायक ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा पेसा अधिनियम लागू की गई है। इसकी विस्तृत जानकारी सभी को होना आवश्यक है। जल , जंगल व जमीन की सुरक्षा को लेकर यह कानून काफी महत्वपूर्ण है। इस कानून के तहत ग्रामसभा को विशेष अधिकार व हक दी गई है। झारखण्ड में अबुआ सरकार के द्वारा जनहित व कल्याणकारी विकास को लेकर काफी अग्रसर है।जल्द ही सभी गांवो में यह वितरण कार्य की जाएगी। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य विकास मुर्मू , झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इसहाक अंसारी , प्रखंड प्रमुख रानी सोरेन , बीडीओ टुडू दिलीप , अंचलाधिकारी मनोज कुमार , उप प्रमुख अब्दुल गनी , बीपीओ ट्विंकल चौधरी आदि

## भाईचारे के साथ मनाएं होली, शांति भंग होने पर होगी करवाई :डीसी

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। होली पर्व के मद्देनज़र उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को विधि-व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने कहा कि होली पर्व के दौरान शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारा बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखते हुए अफवाह फैलाने वालों, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने को कहा गया। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में त्वरित राहत उपलब्ध कराने हेतु अग्निशमन दस्ता एवं एम्बुलेंस सेवा को अलर्ट मोड में रखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मी समय पर अपने ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहें तथा कंट्रोल रूम को पूर्ण रूप से सक्रिय रखा जाए। उन्होंने प्रातःकालीन कार्यक्रमों के दौरान फायर ब्रिगेड को रेडी मोड में रखने तथा ग्रहण के कारण मंदिरों में विशेष पूजा के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने संवेदनशील एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों की ड्रोन से निगरानी, अतिरिक्त बल की तैनाती, धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष सतर्कता एवं छेड़खानी जैसी घटनाओं की रोकथाम तथा खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच जारी रखने के निर्देश दिए। इसके अलाव एम्बुलेंस, चिकित्सा दल, विद्युत व्यवस्था एवं आवश्यक सेवाओं को निर्बाध रखने का निर्देश दिया गया। एसपी ने कहा कि सभी थाना प्रभारी एवं दंडाधिकारी पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी का निर्वहन करें तथा किसी भी हलचल या अप्रिय घटना की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को दें। पुलिस लाइन में अतिरिक्त बल रिजर्व रखने के निर्देश दिए गए।उन्होंने कहा कि होली तथा उसके पूर्व दिवस पर विशेष चौकसी बरतने बिना अनुमति किसी जुलूस या प्रदर्शन को न निकलने देने तथा आवश्यकता पड़ने पर कड़ी निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। सोशल मीडिया की निगरानी, नियमित गश्ती, संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च तथा किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिठाई दुकानों का किया औचक निरीक्षण

पाकुड। खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन हेतु होली पर्व के अवसर पर मिठाइयों में मिलावट की रोकथाम के लिए हिरणपुर एवं पाकुड़ शहर में विशेष जांच अभियान में कुल पंद्रह मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के क्रम में विभिन्न दुकानों से मिठाइयों के रंग एवं गुणवत्ता की जांच की गई, जो निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई गई। वहीं हिरणपुर क्षेत्र की कुछ दुकानों में साफ- सफाई की कमी तथा मिठाइयों को खुले में रखे जाने की स्थिति पाई गई, जिस पर संबंधित दुकानदारों को नोटिस देते हुए मिठाइयों को ढककर रखने एवं स्वच्छता बनाए रखने का सख्त निर्देश दिया गया।निरीक्षण के दौरान मिठाई व नमकीन में हानिकारक रंगों का प्रयोग न करने तथा एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक एवं पैकेज्ड पानी की बिक्री नहीं करने की हिदायत दी गई। जांच के दौरान दो खाद्य नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला जांच हेतु भेजे गए। यह अभियान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, पाकुड़ के नेतृत्व में संचालित किया गया, जिसमें बाजार समिति के सचिव एवं अन्य सहयोगी कर्मियों की

## 29 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या

हिरणपुर (पाकुड़ )।थाना क्षेत्र के हाथकाठी गांव में 29 वर्षीय शुभंकर दास ने घर के पास एक कुएं में रस्सी के सहारे आत्महत्या कर ली।परिजनों द्वारा इसकी सूचना स्थानी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुँचकर पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए कुएं के पास से एक सुसाइड नोट बरामद किया है।इसमें शुभंकर दास ने लिखा है कि वह 2 मार्च 2026 को अपना जीवन त्याग रहा है। इस कदम के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है, और वह जिंदगी से बहुत परेशान हो चुका था, जिसके कारण उसने यह निश्चय किया।शुभंकर का शव सबसे पहले उनकी बहन ने देखा, जिसके बाद उसने घबराकर परिजनों को सूचना दी। परिजनों के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। आसपास के लोगों ने बताया कि शुभंकर दास के पिता सुमन दास की दो शादियां हुई थीं और शुभंकर उनकी पहली पत्नी का पुत्र था। वह दो भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ा था। जानकारी अनुसार लगभग पांच वर्ष पूर्व उसने हिरणपुर प्रखंड के तोड़ाई गांव में प्रेम विवाह किया था, लेकिन बाद में उसका पत्नी से तलाक हो गया था। शुभंकर हैदराबाद की एक निजी कंपनी में कार्यरत था और हाल ही में अपने पैतृक गांव हाथकाठी आया हुआ था।इस संबंध में थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि युवक का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए है, सदर अस्पताल पाकुड़ भेज दिया है और मामले की गहन छानबीन की जा रही


## होली में शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों की खैर नहीं

पाकुड़। होली में शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों की अब खैर नहीं है। मालपहाड़ी ओपी क्षेत्र के पाकुड़-राजग्राम मुख्य सड़क पर बाहिरग्राम के पास जांच अभियान चलाया गया। होली को लेकर प्रशासन पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने अभियान चलाया। ड्रंक एंड ड्राइव से लेकर अवैध शराब परोसने वालों तक पर कार्रवाई की जाएगी। मालपहाड़ी ओपी प्रभारी राहुल गुप्ता ने बताया कि होली पर्व को देडते हुए यह अभियान चलाया गया है। अभियान चलाकर 19 हजार 150 रूपया का जुर्माना वसूला गया।

## विधायक ने पीसीसी सड़क निर्माण कार्य किया उद्घाटन

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह पंचायत के उपरटोला बाँसजोड़ी गांव में डीएमएफटी मद से निर्मित पीडब्ल्यूडी रोड से प्रधान घर तक पीसीसी पथ का विधिवत उद्घाटन सोमवार को विधायक हेमलाल मुर्मू ने नारियाल फोड़कर व फीता काट कर किया।उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि ग्रामीण बुनियजबूत करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।उन्होंने बताया कि इस पीसीसी पथ के निर्माण से गांववासियों को वर्षभर सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। खासकर बरसात के मौसम में कीचड़ और से लोगों को अब राहत मिलेगी, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को काफी सहूलियत होगी। ग्रामीणों ने लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने पर खुशी जाहिर की।स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पथ गांव के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। पूरे आयोजन का माहौलऔर लोगों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया।

## होली मिलन समारोह का आयोजन



संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। सोमवार को ओपेन स्काई स्मार्ट स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। सभी ने मिलकर इस पर्व का आनंद लिया और आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। विद्यालय के निदेशक मनोज भगत ने होली के महत्व पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि होली का पर्व सद्भावना, प्रेम और एकता का प्रतीक है। जो प्रत्येक वर्ष बसंत ऋतु में फाल्गुन माह की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। यह त्योहार समाज में जाति, धर्म और वर्ग की दीवारों को तोड़कर सभी को एकजुट करने का कार्य करता है। इस दिन लोग अपने पुराने बैर को भुलाकर, एक-दूसरे के साथ रंग-गुलाल खेलते हैं और शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने इसके पीछे छिपे धार्मिक और पौराणिक कथाओं की भी चर्चा की। राधा-कृष्ण के प्रेम और प्रह्लाद-होलिका की कथा जैसे प्रसंग इस पर्व को और भी पवित्र बनाते हैं।

## अज्ञात चोरों ने पॉल्यूशन सेंटर से लैपटॉप, नगदी सहित जरूरी कागजात चुराये

पाकुड़ । जिला मुख्यालय स्थित अंबेडकर चौक के एक पॉल्यूशन सेंटर में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने सेंटर का ताला तोड़कर लैपटॉप,नगदी सहित कई जरूरी कागजात लेकर फरार हो गए हैं। घटना का खुलासा सोमवार को तब हुआ, जब सेंटर के मालिक ने दुकान खोलने सुबह पहुंचे ।पॉल्यूशन सेंटर के मालिक जब सुबह सेंटर खोलने पहुंचे तो उन्होंने मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ पाया। अंदर जाने पर पता चला कि सेंटर में रखी नगदी, लैपटॉप और महत्वपूर्ण दस्तावेज नही थे । दुकान मालिक ने तत्काल इसकी सूचना नगर थाना को दी। सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की। उन्होंने आश्वासन दिया कि चोरी की घटना का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों की पहचान की जा सके।

## समर्थ शक्ति होली मिलन में दिखा नारी शक्ति का जलवा



**गोड्डा ।** समर्थ सेवा क्लब के बैनर तले रविवार शाम स्थानीय लोहिया नगर स्थित सामुदायिक विवाह भवन में आयोजित समर्थ शक्ति होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति एवं सहभागिता रही। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद अध्यक्षा कल्पना देवी ने अपनी उपस्थिति एवं सक्रियता से सभी प्रतिभागियों का खूब उत्साह वर्धन किया। बतौर अति विशिष्ट अतिथि जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो एवं अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला कला - संस्कृति संयोजक सह विभिन्न खेल संघ सचिव सुरजीत झा, पूर्व जिप उपाध्यक्षा वेणु चौबे, वरिष्ठ नागरिक महासंघ की राष्ट्रीय सचिव गीता मिश्रा, समाजसेविका निक्की राय एवं विमेंस आईटीआई कॉलेज की अध्यापिका तापसी विश्वास ने भी अपने संबोधन में समस्त ब्रह्मांड में नारी शक्ति के अतुलनीय अवदान पर प्रकाश डालते हुए कहा नारी तू नारायणी कहकर नारी शक्ति का वंदन - अभिनंदन किया वहीं अपने प्रभावशाली वक्तव्य से उपस्थित नारी समूह का उत्साह वर्धन भी किया। कार्यक्रम का संयोजन में क्लब की संस्थापिका रिम्मी कुमारी, अंजली कुमारी एवं संजू कुमारी ने बहुत ही खूबसूरती से किया।

## कोर्ट परिसर में एसडीपीओ के नेतृत्व में किया गया मॉक ड्रिल

**गोड्डा ।** सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने तथा किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारी को लेकर गोड्डा कोर्ट परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।इस दौरान पुलिस बल द्वारा संभावित आपात परिस्थितियों से निपटने का व्यावहारिक अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से जवानों ने कोर्ट परिसर में संदिग्ध गतिविधियों की पहचान, आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्रवाई तथा अपराधियों से निपटने की रणनीति का प्रदर्शन किया।अभ्यास के दौरान पुलिसकर्मियों को त्वरित प्रतिक्रिया देने, सुरक्षा घेरा तैयार करने एवं आम लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के मॉक ड्रिल का उद्देश्य पुलिस बल की तत्परता बढ़ाना और संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना है।

## गोड्डा में होली मिलन समारोह का आयोजन



**गोड्डा ।** लोकमंच के तत्वावधान में शनिवार शाम स्थानीय नेताजी नगर स्थित मदन निवास में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए और मस्ती भरे माहौल में आयोजित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों ने मानो शहर को बीते नगर परिषद चुनाव एवं आसन्न मार्च क्लोजिंग के तनाव मुक्त कर दिया। मंच के कार्यकारी अध्यक्ष शिव कुमार भगत की अध्यक्षता तथा प्रसिद्ध उद्घोषक सुरजीत झा एवं डॉ. ब्रह्मदेव कुमार के सधे संचालन में आयोजित उक्त समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो शामिल हुए। स्वागत संबोधन मंच के संस्थापक सचिव सर्वजीत झा अंतेवासी ने किया। समारोह के प्रथम चरण में आयोजित होली गीत माला में प्रसिद्ध गायक मनीष कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार, अपराजिता राय, अभिजीत सरकार, अमरेंद्र सिंह बिट्टू, ब्रजेश कुमार मंडल एवं कौशल किशोर झा बिट्टू ने जहां माहौल को सतरंगी बनाया वहीं दूसरे चरण में आयोजित कवि सम्मेलन के दौरान शिव कुमार भगत, डॉ. ब्रह्मदेव कुमार, सुरजीत झा, प्रकाश कुमार यादव, मनीष सिंह, ओम प्रकाश मंडल, विनीता प्रियदर्शिनी, डॉ. स्मिता शिप्रा, सोनू कुमार झा, दीपक कुमार एवं मिथिलेश कुमार ने एक से एक होली पर आधारित अपनी रचना के पाठ से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया।समारोह के दौरान हिंदी एवं अंगिका साहित्य में विशिष्ट अवदान के लिए डॉ. ब्रह्मदेव कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. स्मिता को मंच द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि अराज पत्रित कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय स्तर के नेता सह वक्ता मंजुल कुमार दास, वरिष्ठ नागरिक महासंघ की राष्ट्रीय महासचिव गीता मिश्रा, साया झा, डॉ. नूतन झा, वूमेंस आईटीआई कॉलेज की अध्यापिका तापसी विश्वास, संजीव कुमार झा, बिमल नंदिनी ठाकुर, अधिवक्ता उदय कांत शुक्ला, विजय कुमार चौबे, शिवेंद्र झा, आकाश कुमार, शैलेंद्र प्रसाद, प्रसिद्ध रेसलर राहुल कुमार, रौशन कुमार साह एवं पीयूष कुमार साह,अनंत कुमार तिवारी, सचिन कुमार झा, आदित्य कुमार रॉय, अनीश आनंद, सूरज राज, आशुतोष राज एवं संजय शर्मा उपस्थित थे।

## गोड्डा में होली और ईद को लेकर मिलन समारोह आयोजित

**गोड्डा ।** आगामी होली एवं ईद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने को लेकर नगर थाना में रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी, प्रखंड विकास पदाधिकारी दयानंद जायसवाल, पुलिस इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक, नगर थाना प्रभारी दिनेश मोहली, पोड़ैयाहाट विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र कुमार, युवा नेता राजेश मंडल, जनप्रतिनिधि गण नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद शहर के बुद्धिजीवीगण आदि मौजूद थे। उन्होंने लोगों से अफवाहों से दूर रहने, सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें साझा नहीं करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को देने के अलावा विशेष कर युवाओं से होली पर हुडदंग नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली में हुड़दंग करने वालों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। मौके पर मौजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उपस्थित सदस्यों से गोड्डा के सभी समुदायों में बने आपसी माहौल कि सराहना करते हुए कहा कि होली और ईद का पर्व भी अमन चैन और भाईचारे का मिसाल बनेगी।

## पॉल्यूशन सेंटर से नगद व लैपटॉप की चोरी

**पाकुड़।** पाकुड़ में पुलिस को चुनौती देते हुए अज्ञात चोरो ने पॉल्यूशन सेंटर में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मामला नगर थाना क्षेत्र के अम्बेडकर चौक के निकट पॉल्यूशन सेंटर की है। घटना रविवार देर की है। जानकारी के अनुसार लोगों ने सोमवार की सुबह देखा कि सेंटर का ताला टूटा हुआ है। अज्ञात चोरों ने अंदर रखी नगद राशि, एक लैपटॉप तथा कई महत्वपूर्ण कागजात अपने साथ ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके। सेंटर संचालक के अनुसार चोरी से आर्थिक नुकसान के साथ-साथ जरूरी दस्तावेजों के गायब होने से कामकाज भी प्रभावित हुआ है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। मामले को लेकर नगर थाना प्रभारी अनील गुप्ता ने बताया कि पॉल्यूशन सेंटर में चोरी होने की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी लिया गया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है ताकि चोरों की पहचान कर कार्रवाई किया जा सके।

## करमाटांड़ में कक्षा आठवीं बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**करमाटांड़।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा संचालित कक्षा आठवीं की वार्षिक बोर्ड परीक्षा का आयोजन सोमवार को निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह महत्वपूर्ण परीक्षा जिला शिक्षा पदाधिकारी चार्ल्स हेम्ब्रम एवं जिला शिक्षा अधीक्षक विकेश कुणाल प्रजापति के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित की गई।परीक्षा केंद्र पर कुल 234 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 227 छात्र-छात्राएँ परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 07 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्राधीक्षक रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि परीक्षा के दौरान अनुशासन एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु सघन निगरानी की व्यवस्था की गई थी। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र की गहन जाँच के उपरांत ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया।

## हाई-टेक अस्पताल, आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित होगें : मंत्री

संताल एक्सप्रेस

**जामताड़ा।** जिला योजना अनाबद्ध निधि के तहत नारायणपुर प्रखंड परिसर में विकास की नई इबारत लिखी गई, जब झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने एक साथ 17 जनहित योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया। बजट सत्र की व्यस्तता के बावजूद सामूहिक शिलान्यास को उन्होंने विकास की निरंतरता का प्रतीक बताया।अपने संबोधन में मंत्री ने स्पष्ट कहा कि शहर और गांव के बीच की दूरी मिटाना उनकी प्राथमिकता है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल सुविधाओं को संतुलित रूप से मजबूत करने पर जोर देते हुए



उन्होंने भविष्य में हाई-टेक अस्पताल, आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित करने का संकेत दिया। साथ ही नारायणपुर को अनुमंडल का दर्जा दिलाने की दिशा में प्रयास तेज करने की बात भी दोहराई।उन्होंने बताया कि जामताड़ा जिले को पूर्व में अनटाइड फंड से 2 करोड़ रुपये मिलते थे, जिसे बढ़ाकर 12 करोड़ किया गया है और इसे 24 करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य है। समारोह में कांग्रेस नेताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान एक समाजसेवी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पूरे आयोजन में उत्साह और उम्मीद का माहौल देखने को मिला। मौके पर जिलाध्यक्ष दीपिका बेसरा, बीरबल अंसारी, इरशाद उल हक़, दाऊद अंसारी के अलावा काफी संख्या में अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नाला में बाल विवाह मुक्ति रथ'अभियान को विधानसभा अध्यक्ष ने रवाना किया

संताल एक्सप्रेस

**नाला( जामताड़ा)।** जामताड़ा जिले में बाल विवाह मुक्ति रथ अभियान की शुरुआत की गई। इसी निमित्त इस अभियान का शुभारंभ स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो के नीजि आवास बड़वा से की गई। इस दौरान उन्होंने हरी झंडी दिखाकर बाल विवाह मुक्ति अभियान रथ को रवाना किया अभियान का उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम, बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध व्यापक जागरूकता फैलाना है। यह कार्यक्रम पीसीआई-यूनिसेफ के समन्वय एवं प्रखंड प्रशासन के सहयोग से आयोजित की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा को प्रभावित करता है, बल्कि उनके समग्र विकास में भी गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। कम उम्र में विवाह से विशेषकर बालिकाओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और वे अपने सपनों को पूरा करने से वंचित रह जाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है, इसलिए समाज




के सभी वर्गों को मिलकर इस कुप्रथा को समाप्त करने का संकल्प लेना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान पीसीआई-यूनिसेफ समर्थित जिला प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर देवेंद्र पांडे एवं ब्लॉक फैसिलिटेटर राज किशोर यादव ने बाल विवाह के दुष्परिणाम, बच्चों के अधिकार, बाल शोषण की रोकथाम तथा संबंधित कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह मुक्ति रथ जामताड़ा जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों और गांवों में भ्रमण करेगा। रथ के माध्यम से समुदाय, अभिभावकों और बच्चों को बाल विवाह के दुष्प्रभाव, कानूनी जानकारी तथा बाल संरक्षण तंत्र के बारे में जागरूक किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, शिक्षित और सशक्त वातावरण प्रदान करना है, ताकि वे निर्भय होकर अपना बचपन जी सकें।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी प्रीति गोस्वामी और खुशबू देवी ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।अंत में उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बाल विवाह, बाल शोषण एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता फैलाएंगे तथा किसी भी प्रकार की बाल सुरक्षा से जुड़ी सूचना मिलने पर संबंधित विभाग को तत्काल सूचित करेंगे। यह पहल जामताड़ा जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## हजारों महिलाओं की होली व रमजान ईद फीकी, मईया सम्मान की नहीं मिली राशि

संताल एक्सप्रेस

**पाकुड़।**राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मईया की राशि को लेकर बड़ी हलचल मची हुई है। कुछ लाभार्थियों को उनकी किस्त मिल चुकी है, जबकि कई महिलाएं अब भी अपनी बकाया राशि का इंतजार कर रही हैं। जिनके खाते में पैसा नहीं आया है। वे लगातार ब्लॉक कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं। सदर प्रखंड सभागार में सोमवार को कई महिलाएं अपनी किस्त को लेकर परेशान हैं। वे जानना चाहती हैं कि जब पहले उनके खाते में राशि आ चुकी है, तो इस बार अब तक क्यों नहीं आई। वहीं, कुछ महिलाओं को अभी तक पहली किस्त भी नहीं मिली है। जिससे उनकी चिंता और गुस्सा दोनों बढ़ते जा रहे हैं। वहीं



सोनी खातुन, आपसाना बीबी, रोजीना खातुन, साइनाज खातुन अपनी बारी का इंतजार कर रही थीं। इस दौरान उन महिलाओं ने कहा कि पहले राशि मिली है इसबार दो माह का राशि नहीं मिला है। रोजा का समय चल रहा है, फिर भी भूखी-प्यासी लाइन में खड़ी हूं। अगर योजना की राशि देनी थी, तो सभी को मिलनी चाहिए थी। कुछ को देकर कुछ को रोकना गलत है। कुछ महिलाओं को अब तक नहीं मिली पहली किस्त.....जहां कई महिलाएं राशि किस कारण से नहीं मिली है इसकी जानकारी के लिए संघर्ष कर रही हैं, वहीं कुछ को पहली किस्त तक नहीं मिली है। महिलाओं ने बताया कि पूरी प्रक्रिया सही तरीके से पूरी की, फिर भी अभी तक पहली किस्त नहीं आई। यही जानने ब्लॉक आई हूं, लेकिन कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा।सरकार से जल्द समाधान की मांग....इस अव्यवस्था को लेकर महिलाओं में जबरदस्त नाराजगी है। उनका कहना है कि सरकार को इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द निकालना चाहिए, ताकि लाभार्थियों को परेशानी न हो। महिलाएं घर-गृहस्थी छोड़कर बार-बार ब्लॉक के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा। लाभार्थियों की मांग है कि अगर योजना की राशि देनी थी, तो सभी को मिले, कुछ को देना और कुछ को रोकना अन्याय है। महिलाओं ने सरकार से अपील की है कि योजना की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए और सभी लाभार्थियों को उनकी किस्त समय पर दी जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

## शहरवासियों को शुद्ध पेयजल व बारिश में जलजमाव से मिलेगी निजात: शबरी

संताल एक्सप्रेस

**पाकुड़।** शहर की कई प्रमुख समस्याएं है जिसका वर्षों से निदान नहीं हो पाई है। आज भी शहर के लोग पेयजल की गंभीर समस्या से जूझ रही है। बारिश के दिनों में पानी निकासी को लेकर अबतक सीवरेज सिस्टम नहीं हुआ है। गली-मोहल्लों की सड़के आज भी कच्चा है। आज भी कई मुहल्ले वासी बांस-बल्ली के सहारे बिजली अपने घर तक ले गयी है। शहर की स्ट्रीट लाइट खराब रहने से परेशानी होती है। निर्वाचित अध्यक्ष से सवाल जवाब....

**प्रश्न:** आप पाकुड़ नगर परिषद की अध्यक्ष चुनी गई है। इस जनादेश को कैसे देखते हैं?

**उत्तर:** यहां जीत पाकुड़ शहरवासी की भरोसा का जीत है। मुझे 7816 वोट मिला है, जबकि निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 5463 मत मिला है। 2353 वोटों से जीत ने मुझे शहरवासियों के लिए ओर ज्यादा जिम्मेदार बना दी गई है।

**प्रश्न:** इतनी स्पष्ट जीत के बाद आप सबसे बड़ी चुनौती किसे मानते हैं?

**उत्तर:** सबसे बड़ी चुनौती जनता की उम्मीदों पर खड़ा उतरना है। लोगों ने बदलाव की अपेक्षा से मतदान किया है। जनता की उम्मीदों पर कायम रहेंगे।

**प्रश्न:** शपथ ग्रहण से पहले आपने अपनी प्राथमिकताएं किस रूप से तय की है? शपथ लेने के शहरी क्षेत्र में गंगा का पानी हर घर तक पहुंचाने के लिए काम किया जाएगा। साथ ही महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए भी काम किया जाएगा।

**प्रश्न:** आपके अनुसार पाकुड़ में सबसे बड़ी समस्या क्या है?

**उत्तर:** नगर परिषद क्षेत्र के 21 वार्डों में लम्बे समय से विकास से वंचित हैं। इन क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा में लाना है।

**प्रश्न:** नगर परिषद कार्यप्रणाली में पारदर्शिता कैसे सुनिश्चित करेंगे?

**उत्तर:** सभी तरह का निर्णय नगर परिषद की बैठक में ली जाएगी। विकास कार्यों को पारदर्शिता के साथ लागू किया जाएगा। बुनियादी सुविधाओं पर विचार विमर्श करेंगे।

**प्रश्न:** बरसात के दिनों शहर के नालियों का बहता गंदा पानी सड़क पर बहने से कैसे रोकेंगे?

**उत्तर:** बरसात से पहले नालियों की जगह सीवरेज सिस्टम कराया जाएगा, ताकि सड़क पर गंदा पानी न बहे और लोगों को निजात मिल सके।

**प्रश्न:** स्वच्छता और कचरा प्रबंधन को लेकर क्या बदलाव देखने को मिलेगा?

**उत्तर:** नगर परिषद क्षेत्र के सभी 21 वार्डों में साफ-सफाई नियमित कराया जाएगा। सफाई कर्मी काम को न बंद करें इसलिए नियमित भुगतान किया जाएगा। उसकी हर समस्या सुना जाएगा।

## आदिवासी समाज के लोगों ने जंगल में मनाया बाहा पर्व

**कुंडहित (जामताड़ा)।**कुंडहित प्रखंड के बारमेशिया आदिवासी गांव में सोमवार को धूमधाम से आदिवासी समाज के लोगों ने बहा पर्व मनाया। इसके पूर्व आदिवासी समाज के लोगों ने जाहेथान में पूजा अर्चना किया। गांव के नाईकिबाबा बौद्धनाथ मरांडी ने जाहिद्धन में पूजा अर्चना कर गांव की सुख शांति एवं मंगल कामना की प्रार्थना की। इसके बाद एक दूसरे को पलाश एवं सखुआ का फुल लगाकर त्यौहार का शुभारंभ किया। इसके बाद सभी आदिवासी समाज के लोग ढोल नगाड़ा तथा महिलाओं ने विभिन्न वेशभूषा परिधान कर नित्य गीत शुरू हुआ।

## प्रसादपुर में शिक्षक सम्मान विदाई समारोह

**कुंडहित (जामताड़ा)।** कुंडहित प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रसादपुर में शिक्षक सम्मान सहित विदाई समारोह का आयोजन कर सेवा निवृत्त शिक्षक को भावभीनी विदाई दी गई । प्रसादपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सचिव साहब प्रधानाध्यापक बासुदेव हांसदा 28 फरवरी को सेवानिवृत होने पर विद्यालय में विदाई समारोह सह शिक्षक सम्मान का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। मौके पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मिलन घोष , शिक्षक संघ के अध्यक्ष देविश्वर मुर्मू, शांतमय माजि,आदि दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम में मंच संचालक शिक्षक संजय बाध्यकर ने किया। विद्यालय परिवार एंव शिक्षक द्वारा बासुदेव हांसदा को गीता,छाता,शाल, आदि उपहार देकर सम्मानित किया गया वहीं विद्यालय के छात्र-छात्रा द्वारा विभिन्न तरह उपहार दिया।

## लिट्टीपाड़ा में होली महोत्सव सह मिलन समारोह



संताल एक्सप्रेस

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हेमलाल मुर्मू की उपस्थिति में प्रखंड उपाध्यक्ष रंजन साहा के आवास पतरापाड़ा में होली महोत्सव सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता और विधानसभा के सदस्यगण उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विधायक हेमलाल मुर्मू ने सभी को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे एवं सौहार्द बनाये रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में युवा नेता विकास मुर्मू, राजद के जिला अध्यक्ष महावीर मढ़्या, झामुमो के दानियल किस्कू, मंटू भगत, सुलेमान मुर्मू, संजय रजक, रंजन भगत और प्रसाद हांसदा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह के दौरान लजीज व्यंजनों की भी व्यवस्था की गयी थी, जिसका उपस्थित लोगों ने आनंद उठाया। पूरे आयोजन में उत्साह और सौहार्द का वातावरण बना रहा।

## पुलिस ने कोयला लदी आठ साईकिल जब्त की

**पाकुड़।** मालपहाड़ी ओपी क्षेत्र में अवैध कोयला ढुलाई के खिलाफ पुलिस ने रविवार को छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान कोयला लदा आठ साईकिल जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के रामनगर खाली मैदान से होकर कोयला की ढुलाई की जा रही है।पुलिस टीम को देखते ही सभी कोयला तस्कर मौके से साईकिल छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कोयला लदा साईकिल व 20 क्विंटल कोयला को जब्त कर लिया है। ओपी प्रभारी राहुल गुप्ता ने बताया कि पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## अध्यक्ष जय श्री देवी का विजय मार्च




**मिहिजाम।** नगर परिषद चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद नव निर्वाचित अध्यक्ष जय श्री देवी के सम्मान में सोमवार को भव्य विजय जुलूस निकाला गया। यह जुलूस वार्ड संख्या 2 से प्रारंभ होकर वार्ड 20 तक पहुंचा। इसके बाद लाइन क्षेत्र और हटिया मार्ग से होते हुए उनके आवास पर समापन हुआ।जुलूस के दौरान समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों और नारों के बीच कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। जगह-जगह लोगों ने स्वागत कर मिठाइयां बांटी, जिससे पूरा शहर उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी भागीदारी ने आयोजन को खास बना दिया।जय श्री देवी ने सभी मतदाताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अपने कार्यकाल में स्वच्छता, पेयजल, सड़क और मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। समर्थकों ने उम्मीद जताई कि नई अध्यक्ष के नेतृत्व में मिहिजाम में विकास की रफ्तार और तेज होगी तथा जनसमस्याओं का समाधान संवेदनशीलता के साथ किया जाएगा।

## जामताड़ा प्रशासन ने जागरूकता रथ किया रवाना




**जामताड़ा।** जिले में बच्चा चोरी से जुड़ी फैलती अफवाहों को थामने और लोगों को सचेत करने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रवि आनंद और पुलिस अधीक्षक राज कुमार मेहता संयुक्त रूप से मौजूद रहे।उपायुक्त ने कहा कि अन्य जिलों में अफवाह के आधार पर निर्दोष लोगों के साथ मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने स्पष्ट अपील की कि किसी भी संदिग्ध सूचना पर कानून को हाथ में न लें, बल्कि तुरंत संबंधित थाना, प्रखंड प्रशासन या डायल 112 पर सूचना दें।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अब तक जामताड़ा में बच्चा चोरी की कोई सत्यापित घटना दर्ज नहीं हुई है। इसके बावजूद बाहरी या अपरिचित लोगों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतें मिल रही हैं, जो दंडनीय अपराध है। उन्होंने चेतावनी दी कि अफवाह के आधार पर हिंसा करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।जागरूकता रथ विभिन्न प्रखंडों में घूमकर लोगों को संदेश देगा सतर्क रहें, लेकिन अफवाहों से दूर रहें।

## महागामा में निकाला गया फ्लैग मार्च



**महागामा ।** होली और रमजान को लेकर महागामा थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। जहां अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में पुलिस बल ने फ्लेग मार्च निकाला गया। जोकि महागामा थाना से मोहनपुर चौक से बसवा चौक, बाज़ार से निकलकर केंचुआ चौक तक गई। इस फ्लेग मार्च के माध्यम से पुलिस प्रशासन ने यह साफ संकेत दिया कि इस दौरान किसी भी प्रकार की हुड़दंग या अशांति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद ने सभी नागरिकों से अपील की है कि होली के पर्व को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि दुर्गा पूजा के दौरान महागामा में शांति बनी रहे और कोई अप्रिय घटना ना हो। पुलिस प्रशासन ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। कि किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फ्लेग मार्च में पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारी भी शामिल रहे। वहीं थाना प्रभारी मनोज पाल ने बताया कि चौक चौहरा पर मजिस्टेड एवं पुलिस बल की मौजूदगी रहेगी । फ्लैग मार्च के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद, महागामा पुलिस निरीक्षक उपेन्द्र महतो, महागामा थाना प्रभारी मनोज पाल, सहित पुलिस बल मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री और कल्पना सोरेन से देवघर के महापौर रवि राउत ने की मुलाकात

## देवघर नगर निगम से जुड़ी आवश्यकताओं को लेकर की बातचीत



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**रांची/देवघर ।** आज सोमवार को देवघर नगर निगम के महापौर रवि राउत ने रांची में हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। यह भेंट औपचारिक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। मुलाकात के दौरान राज्य में शहरी विकास की वर्तमान स्थिति, देवघर नगर निगम से जुड़ी योजनाओं और शहर की बुनियादी आवश्यकताओं को लेकर संक्षिप्त बातचीत हुई। महापौर ने देवघर शहर के विकास से जुड़े विषयों की जानकारी साझा की और नगर निगम की प्राथमिकताओं से अवगत कराया। इस अवसर पर हफीजुल हसन अंसारी भी मौजूद रहे। साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय कुमार शर्मा की भी उपस्थिति रही।

# अधिवक्ता संघ ने मनाया होली मिलन समारोह दो दिनों तक रहेगा न्यायालय में अवकाश



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**मधुपुर ।** रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर मधुपुर अधिवक्ता संघ परिसर में शनिवार को पारंपरिक होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं आपसी भाईचारे के साथ किया गया। इस अवसर पर संघ के सभी वर्गों के अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और प्रेम, सौहार्द व एकता का संदेश दिया। समारोह के दौरान अधिवक्ताओं ने आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के गालों पर अबीर-गुलाल लगाते हुए होली के इस रंगीन त्योहार को उल्लासपूर्वक मनाया। संघ में वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार, होली अवकाश से पूर्व प्रत्येक वर्ष यह मिलन समारोह आयोजित किया जाता है, जिसमें सभी सदस्य एकजुट होकर भाईचारे का परिचय देते हैं। संघ सदस्य सह प्रशासनिक सचिव जितेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि होली रंगों और खुशियों का त्योहार है, जिसे शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि ऐसे रंग, गुलाल, पिचकारी, मास्क या अन्य सामग्री का प्रयोग करने से बचें, जिससे किसी के चेहरे या स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकता हो। उन्होंने कहा कि दूसरों की भावनाओं का सम्मान करते हुए सभी को मिलजुलकर शांतिपूर्ण तरीके से होली मनानी चाहिए। उन्होंने उपस्थित सभी अधिवक्ताओं एवं क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व समाज में प्रेम और एकता का संदेश देता है।

इस अवसर पर संघ के संयुक्त सचिव संजय कुमार सिंह, सह कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य उमेश प्रसाद शाही, सरोज कुमार कुशवाहा, उमेश प्रसाद सिंह, गणेश कुमार यादव, नंद किशोर शर्मा, समरेश कुमार सिंह, प्रमोद कुमार, अशोक कुमार पासवान सहित दर्जनों अधिवक्ता सदस्य उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि होली पर्व के उपलक्ष्य में न्यायालय में आज के बाद दो दिनों तक अवकाश रहेगा, जिसके पश्चात न्यायिक कार्य पुनः प्रारंभ होगा। समारोह का समापन आपसी शुभकामनाओं और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

## चुनाव में गिनती पर उठे सवाल, वार्ड-13 के प्रत्याशी महादेव ने डीसी से की जांच की मांग



**देवघर संताल एक्सप्रेसः**-देवघर नगर निगम चुनाव 2026 के तहत वार्ड संख्या-13 की मतगणना को लेकर विवाद गहराता नजर आ रहा है। वार्ड-13 के प्रत्याशी महादेव पासवान ने मतगणना प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाते हुए उपायुक्त देवघर को लिखित शिकायत सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। अपने आवेदन में महादेव पासवान ने उल्लेख किया है कि 27 फरवरी 2026 को देवघर कॉलेज स्थित मतगणना केंद्र पर उनके प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी के पक्ष में साजिश के तहत गड़बड़ी की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके विरोधी पक्ष से जुड़े एक व्यक्ति, जो डीसी कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है, द्वारा मतगणना प्रक्रिया को प्रभावित किया गया। पासवान का कहना है कि टेबल संख्या 13/1, 13/2, 13/3 एवं 13/4 पर मतपत्रों में हेरफेर की गई, जिसके साक्ष्य सीसीटीवी फुटेज में उपलब्ध होने का दावा किया गया है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि उन्होंने मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों को तत्काल सूचना दी, किंतु उनकी शिकायत पर समुचित संज्ञान नहीं लिया गया। उन्होंने आशंका जताई है कि उनके मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ कर परिणाम को प्रभावित किया गया, जिससे उनके प्रतिद्वंद्वी को लाभ पहुंचा। महादेव पासवान ने उपायुक्त से सीसीटीवी फुटेज की जांच, मतपत्रों की पुनः गणना तथा दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने निष्पक्ष जांच के माध्यम से न्याय दिलाने की अपील की है।

## क्लीन केयर भारती सोसाइटी ने मनायी होली




**देवघर।** सामाजिक सरोकार और मानव सेवा की भावना को मजबूत करते हुए क्लीन केयर भारती सोसाइटी ने देवघर स्थित कुष्ठ आश्रम में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने आश्रम में रह रहे असहाय और जरूरतमंद लोगों के साथ रंग गुलाल खेलकर होली की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम का उद्देश्य त्योहार की खुशियों को समाज के उपेक्षित वर्ग तक पहुंचाना और उनके चेहरे पर मुस्कान लाना रहा। होली मिलन समारोह के दौरान आश्रम परिसर में अपनापन और उल्लास का माहौल देखने को मिला। संस्था के सदस्यों ने आश्रमवासियों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और उनके साथ समय बिताया।

## होली पर असामाजिक तत्वों पर रहेगी कड़ी नजर

**देवघर ।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सारवां थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारे को मजबूत करने और किसी भी तरह की अफवाह से बचने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर सारवां के बीडीओ रजनीश कुमार और थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि होली आपसी प्रेम और उल्लास का पर्व है, इसे मिलजुलकर मनाया जाए। उन्होंने लोगों से अपील की कि पर्व के दौरान किसी भी तरह की शरारत या विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी और हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। प्रशासन ने शांति समिति के सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि समाज के जागरूक लोगों की भूमिका से ही पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हो सकता है।

## देवघर कॉलेज में राजद छात्र प्रकोष्ठ इकाई का पुनर्गठन, नितेश अध्यक्ष व सुमार बने उपाध्यक्ष



**देवघर संताल एक्सप्रेस :**-देवघर कॉलेज, देवघर में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) छात्र प्रकोष्ठ की इकाई का पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा छात्रों के हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया गया। पुनर्गठन के तहत नितेश कुमार को देवघर कॉलेज इकाई का अध्यक्ष तथा सुमार कुमार को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व छात्र जिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कुंदन कुमार ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि छात्र संगठन की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि छात्र हित सर्वोपरि है और संगठन छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगा। साथ ही राष्ट्रीय जनता दल के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने और पार्टी को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया। इस दौरान कुंदन कुमार, राकेश यादव, छोटू कुमार, सचित कुमार,गुड्डू कुमार, मुकेश कुमार,पंकज मंडल,अजीत कुमार,दीपक कुमार सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उत्साह का माहौल देखा गया और सभी ने संगठन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# बरनवाल महिला समिति का होली मिलन समारोह धूमधाम से मना, मथुरा-वृंदावन की झलक ने मोहा मन




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**देवघर ।** देवघर में बरनवाल महिला समिति द्वारा बरनवाल सेवा सदन के प्रांगण में होली मिलन समारोह बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री मंजू बरनवाल के नेतृत्व में हुआ, जबकि इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सरिता बरनवाल ने की। आयोजन को सफल बनाने में उपाध्यक्ष नीतू बरनवाल,सचिव नीलम रानी, कोषाध्यक्ष संगीता वर्णवाल एवं उप सचिव पूजा बरनवाल की अहम भूमिका रही। समारोह में महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर मथुरा-वृंदावन की होली की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। ढोलक की थाप पर गीत-संगीत और नृत्य से पूरा वातावरण रंगमय हो उठा। महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर खुशियां बांटीं। कार्यक्रम में मजेदार खेलों का आयोजन किया गया तथा महिलाओं और बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण भी हुआ।

मिठाइयों और पारंपरिक व्यंजनों जैसे गुझिया,मालपुआ और ठंडाई का सभी ने आनंद लिया। इस अवसर पर महिलाओं ने परिवार और समाज की सुख-शांति की कामना की। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिलाओं और बच्चों ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। रितु रत्नम, इंदु बरनवाल, रंजिता बरनवाल, अर्चना बरनवाल, सुनीता बरनवाल, प्रियंका, शिप्रा, रीना, विनीता, मीनू, रीता, मधु, भारती सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। यह आयोजन महिलाओं की एकजुटता, प्रेम और सामाजिक सहभागिता का सशक्त प्रतीक बना।

## होली के रंग में रंगा बाजार, अबीर-गुलाल और पिचकारी से सजी दुकानें



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**मधुपुर ।** रंगों का पर्व होली नजदीक आते ही मधुपुर का बाजार पूरी तरह रंग-बिरंगा हो उठा है। शहर के मुख्य बाजार, हटिया रोड, गांधी चौक और आसपास की गलियां अबीर, गुलाल, पिचकारी, रंग-बिरंगे गुब्बारों और आकर्षक होली गिफ्ट पैकों से सज गई हैं। दुकानों के बाहर रंगों की ढेरियां और तरह-तरह की डिज़ाइन वाली पिचकारियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। सुबह से ही बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ने लगी है।

जहां कार्टून और सुपरहीरो वाली पिचकारियों की खरीदारी में जुटे हैं, वहीं युवा और महिलाएं हर्बल अबीर-गुलाल, रंगीन टोपी, चश्मे और टी-शर्ट की खरीदारी कर रहे हैं। कई दुकानों पर विशेष छूट और ऑफर भी दिए जा रहे हैं, जिससे ग्राहकों में उत्साह और बढ़ गया है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार होली को लेकर बाजार में पिछले साल की तुलना में अधिक रौनक है। खासकर प्राकृतिक और हर्बल रंगों की मांग ज्यादा देखी जा रही है। लोगों में सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल होली खेलने के प्रति जागरूकता बढ़ी है। बाजार में मिठाई की दुकानों पर भी खास चहल-पहल देखी जा रही है। गुजिया, मठरी, नमकीन और अन्य पारंपरिक पकवानों की खरीदारी जोरों पर है। घर-घर में होली की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और बाजार की रौनक यह साफ दर्शा रही है कि मधुपुर में होली का उत्साह चरम पर है। प्रशासन द्वारा भी बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है, ताकि लोग शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में खरीदारी कर सकें। रंगों के इस पावन पर्व को लेकर मधुपुर वासियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है और पूरा शहर होली की मस्ती में डूबने को तैयार है।

## मारगोमुंडा में संथाली 'बाहा पर्व' उल्लास के साथ संपन्न



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**मधुपुर ।** मारगोमुंडा मधुपुर अनुमंडल के मागोमुंडा थाना क्षेत्र के पंदनिया ग्राम नया चिहुंटियां में होली के साथ-साथ मधुपुर अनुमंडल अंतर्गत मारगोमुंडा क्षेत्र में संथाली समाज का पारंपरिक 'बाहा पर्व' हर्ष और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। संथाली समुदाय के लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ प्रकृति एवं सरना धर्म की मान्यताओं के अनुरूप पूजा-अर्चना की।युवक-युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में सामूहिक नृत्य-गान प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। इस अवसर पर समाज के बुजुर्गों ने आपसी भाईचारे, प्रेम और एकता का संदेश दिया। पर्व के दौरान पूरे क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण माहौल देखने को मिला और लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में विभिन्न समुदायों द्वारा अपने-अपने पारंपरिक त्योहार सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाए जाने से सामाजिक समरसता की मिसाल भी देखने को मिली। इस कार्यक्रम में बाबुसर बेशरा, परानिक- परमेश्वर हेंब्रम, गोडेथ-धर्मेंद्र बेसरा, समाज सुसारिया, राइसन टुडु, समेत ग्रामीण दिलीप बेसरा, अशोक हेंब्रम, जयदेव हेंब्रम, सुमित कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# अवैध देशी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने समय रहते एक आपराधिक साजिश को नाकाम कर दिया। पुलिस को एक मार्च 2026 को दोपहर करीब तीन बजकर दस मिनट पर सूचना मिली थी कि आर्म्स एक्ट के एक आरोपी के घर पर कुछ लोग किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने वरीय अधिकारियों को अवगत कराया और निर्देश के अनुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर पहले स्थिति का जायजा लिया, इसके बाद छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान मौके से एक व्यक्ति को अवैध देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि समय पर कार्रवाई नहीं होती तो कोई गंभीर वारदात हो सकती थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रीतम महथा, उम्र 34 वर्ष, निवासी जटाही मोड़, नगर थाना क्षेत्र के रूप में की गई है। आरोपी के पास से एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया गया है, जिसे जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

इस कार्रवाई में नगर थाना की टीम शामिल रही, जिसमें थाना प्रभारी के साथ कई पुलिस अधिकारी और सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इलाके में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## होली को लेकर संवेदनशील इलाकों में गश्ती बढ़ाने का आदेश



**संवाददाता**
**मधुपुर ।** रंगों के पर्व होली को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मधुपुर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी कड़ी में सोमवार को अंचल पुलिस निरीक्षक मधुपुर राउतू होनहांगा की अध्यक्षता में अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान क्षेत्र में हाल के दिनों में घटित आपराधिक घटनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। साथ ही लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए। पुलिस निरीक्षक ने स्पष्ट कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।विशेष सतर्कता और गश्ती बढ़ाने के निर्देश होली के मद्देनज़र संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां नियमित गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया गया। पुलिस निरीक्षक ने कहा कि हुड़दंग, जबरन रंग लगाने, अवैध शराब की बिक्री, नशाखोरी तथा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अफवाह फैलाने वालों और शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है ताकि किसी प्रकार की भ्रामक सूचना फैलने से रोका जा सके।

# बाबा नगरी क्षेत्र में यातायात सुधार की पहल, 17 संकीर्ण मार्गों पर चार पहिया वाहनों की नो एंट्री

## गूगल मैप पर बंद मार्ग अपडेट, श्रद्धालुओं को जाम से मिलेगी राहत

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**देवघर।** बाबा बैद्यनाथ धाम में श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या और यातायात दबाव को देखते हुए पुलिस ने व्यवस्था सुधारने के लिए बड़ा निर्णय लिया है। मंदिर की ओर जाने वाले 17 प्रमुख संकीर्ण मार्गों पर सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस कदम का उद्देश्य मंदिर क्षेत्र में जाम की समस्या को खत्म करना और श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों को राहत देना है।

पुलिस के अनुसार, बाहर से आने वाले श्रद्धालु अक्सर गूगल मैप का सहारा लेते हुए अनजाने में मंदिर क्षेत्र की तंग गलियों में प्रवेश कर जाते थे। इससे यातायात बाधित हो जाता था और कई बार लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ता था। भीड़ और वाहनों के दबाव के कारण दर्शन यात्रा भी कष्टकारी हो जाती थी।

इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए यातायात पुलिस ने तकनीक का सटीक उपयोग करते हुए सभी प्रतिबंधित मार्गों को गूगल मैप पर रोड क्लोज्ड के रूप में अपडेट करा दिया है। अब यदि श्रद्धालु गूगल मैप का उपयोग करेंगे तो ये मार्ग स्वतः बंद दिखाई देंगे और उन्हें वैकल्पिक तथा सुगम रास्तों से होते हुए सीधे निर्धारित पार्किंग स्थलों तक पहुंचने का मार्गदर्शन मिलेगा। इससे संकरी गलियों में वाहनों के प्रवेश पर प्रभावी रोक लगेगी। पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह व्यवस्था श्रद्धालुओं की सुविधा और यातायात को सुव्यवस्थित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। गूगल मैप पर लाइव अपडेट से लोग पहले ही सही मार्ग चुन सकेंगे और जाम की स्थिति से बच सकेंगे।

## चुनाव परिणाम प्रतिकूल रहने के बावजूद समाजसेवा जारी रहेगा : सूरज झा



**देवघर :**सूरज झा ने चुनाव परिणाम अपने पक्ष में नहीं आने के बावजूद समाजसेवा जारी रखने का संकल्प दोहराया है। देवघर नगर निगम में महापौर प्रत्याशी रहे सूरज झा ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि जनता की सेवा उनका लक्ष्य था और आगे भी रहेगा। उन्होंने कहा कि जल वितरण सहित अन्य जनहित के कार्य निरंतर चलते रहेंगे और वे क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए पहले की तरह सक्रिय रहेंगे। उन्होंने स्वयं को झारखंड मुक्ति मोर्चा का सच्चा व समर्पित सिपाही बताते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए वे लगातार कार्य करते रहेंगे।

# नगरपालिका चुनाव के बाद आदर्श आचार संहिता समाप्त

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**देवघर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी नगरपालिका सह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 की घोषणा के साथ ही 27 जनवरी 2026 से राज्य की सभी 48 नगरपालिकाओं में आदर्श आचार संहिता लागू की गई थी। यह व्यवस्था पंचायत और कैन्टोनमेंट क्षेत्रों को छोड़कर उन सभी नगरपालिकाओं में प्रभावी थी, जहां आम निर्वाचन कराया गया।

उन्होंने जानकारी दी कि अब निर्वाचन प्रक्रिया और मतगणना का कार्य पूरी तरह समाप्त हो चुका है। ऐसे में निर्वाचन परिणाम के प्रकाशन की तिथि 2 मार्च 2026 से संबंधित सभी नगरपालिकाओं में आदर्श आचार संहिता समाप्त मानी जाएगी। इसके साथ ही प्रशासनिक और विकास संबंधी कार्यों पर लगा प्रतिबंध भी हट गया है।

प्रशासन के अनुसार, आदर्श आचार संहिता समाप्त होने से नगरपालिकाओं में नियमित कार्यकाज और विकास योजनाओं को गति मिलेगी। अधिकारी और कर्मचारी अब पूर्व की तरह अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आगे की सभी गतिविधियां सामान्य प्रशासनिक नियमों के तहत संचालित होंगी।

# फूलों की खेती से बदली किस्मत, लक्ष्मी देवी बनीं आत्मनिर्भर

## आजिविका समूह और प्रशिक्षण से बढ़ी आय, बाबा धाम में फूल बेचकर कर रहीं जीवन यापन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**देवघर।** जिले के मोहनपुर प्रखंड अंतर्गत जारवा गांव की लक्ष्मी देवी ने फूलों की खेती के जरिए आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है। गेंदा आजीविका समूह से जुड़ने से पहले वह परंपरागत तरीके से फूलों के छोटे स्तर के व्यापार से जुड़ी थीं, लेकिन आर्थिक कमजोरी और तकनीकी जानकारी के अभाव में उन्नत खेती नहीं कर पा रही थीं। सीमित संसाधनों के कारण आमदनी भी बहुत कम थी, जिससे परिवार की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो जाता था। आजिविका समूह से जुड़ने के बाद लक्ष्मी देवी को नई दिशा मिली। उन्होंने किश्तों में ऋण लेकर आजिविका गतिविधियां शुरू कीं और झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के माध्यम से फूलों की खेती का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने 55 हजार रुपये का ऋण लेकर गेंदा फूल का उत्पादन शुरू किया, जिससे उनकी खेती को मजबूती मिली। वर्तमान में लक्ष्मी देवी अपने परिवार के साथ सालभर फूलों की खेती कर रही हैं। उत्पादित फूलों से माला बनाकर वे बाबा बैद्यनाथ धाम परिसर में बिक्री करती हैं। इससे उनकी नियमित आमदनी सुनिश्चित हो गई है और बाजार की समस्या भी नहीं रही। मेहनत और सही मार्गदर्शन के कारण उनकी वार्षिक आय लगभग डेढ़ लाख रुपये तक पहुंच गई है, जबकि अन्य गतिविधियों से वे करीब 50 हजार रुपये की अतिरिक्त आय भी अर्जित कर रही हैं।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686

## होली मिलन समारोह में गूंजा भाईचारे का संदेश



**रामगढ़ (दुमका)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेंद्र कुमार सिन्हा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जामा विधायक डॉ. लुईस मरांडी उपस्थित रहीं। समारोह के दौरान पूरा परिसर फगुआ के पारंपरिक गीतों, रंग-अबीर और आपसी खुशी के माहौल से सराबोर नजर आया। लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और पारंपरिक गीतों पर जमकर नृत्य किया। अपने संबोधन में डॉ. लुईस मरांडी ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सभी भेदभाव भुलाकर शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में इस पर्व को मनाएं। जिला परिषद उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल ने भी लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की अपील की। वहीं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बाबूलाल मुर्मू ने भी एकता और सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में पंसस नवनीत शेखर, ललन भगत, दिवाकर मंडल, मदन मंडल, जयप्रकाश अग्रवाल, योगेंद्र भगत, परमानंद पंडित सहित विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक तथा प्रखंड व अंचल कार्यालय के कर्मी मौजूद रहे। समारोह ने क्षेत्र में आपसी सद्भाव और उत्सव के रंग को और भी प्रगाढ़ बना दिया।

## साइबर अपराध करते एक आरोपी गिरफ्तार



**मसलिया।** मसलिया थाना क्षेत्र में साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अपराधी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बीते रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में एक आरोपी को पकड़ा गया, जबकि उसके अन्य साथी फरार होने में सफल रहे। गिरफ्तार आरोपी को कांड संख्या 12/26 दर्ज कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के खुटोजोरी पंचायत अंतर्गत बाराटोल गांव के सुनसान डंगाल क्षेत्र में 5-6 की संख्या में व्यक्ति बैठकर साइबर अपराध को अंजाम दे रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक दुमका के आदेशानुसार आठ सदस्यीय छापेमारी टीम का गठन किया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी शाखा एवं गुप्तचर विभाग के सहयोग से पुलिस ने छापेमारी की, जहां से मनताज अंसारी पिता- जुमरत अंसारी, ग्राम खुटोजोरी बाराटोल को गिरफ्तार किया गया। हालांकि अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। जब्त मोबाइल की जांच में आपत्तिजनक मोबाइल एप्लिकेशन, गेम, लिंक, कस्टमर केयर एप्लिकेशन फाइल तथा कई स्क्रीनशॉट बरामद हुए हैं। प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ है कि मोबाइल के माध्यम से साइबर क्राइम को अंजाम दिया जा रहा था। थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि मामले का अनुसंधान जारी है। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताए गए गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है तथा लगातार छापेमारी अभियान जारी है।

## साइबर अपराध को लेकर ग्रामीणों को किया गया जागरूक, सम्मेलन शुरू




**दुमका।** जिले के काठीकुंड प्रखंड अंतर्गत चंद्रपुरा मिशन परिसर में इन दिनों उत्साह का माहौल है। यहाँ एस.एम.एन.सी (बी) द्वारा एक विशेष मेल-मिलाप सभा का आयोजन किया गया है, जो 1 मार्च से शुरू होकर 4 मार्च तक चलेगी। इस कार्यक्रम के दूसरे दिन, यानी 2 मार्च 2026 को, विशेष रूप से साइबर अपराध जागरूकता पर एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन और दुमका पुलिस विभाग के अधिकारियों ने शिरकत की। उपस्थित अधिकारियों ने स्थानीय लोगों को वर्तमान में बढ़ रहे साइबर खतरों, ऑनलाइन ठगी से बचाव के तरीकों और सुरक्षित डिजिटल लेनदेन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को जागरूक बनाना था ताकि वे साइबर अपराधियों के चंगुल में न फंसें। इस कार्यक्रम से बड़ी संख्या में स्थानीय लोग लाभान्वित हुए और उन्होंने प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की।

## उल्लास के साथ मना होली मिलन समारोह बीडीओ और थाना प्रभारी के गीतों पर झूमे लोग



**गोपीकांदर (दुमका)।** गोपीकांदर प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी विजय प्रकाश मरांडी की अध्यक्षता में धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख मरसलिता मरांडी, थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत समेत कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। समारोह के दौरान जेएसएलपीएस के बीपीएम निरंजन तिवारी ने उपस्थित लोगों से सखी मंडल की महिलाओं द्वारा निर्मित प्राकृतिक हर्बल गुलाल का उपयोग करने की अपील की, ताकि केमिकल युक्त रंगों के नुकसान से बचा जा सके। बीडीओ विजय प्रकाश मरांडी ने सभी को होली और बाहा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार आपसी भेदभाव को भुलाकर खुशियां बांटने का संदेश देता है। उन्होंने सीमा पर तैनात जवानों के समर्पण को याद करते हुए शांति और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का अनुरोध किया। इस बीच, बीडीओ ने दिल खिल जाते हैं, रंगों में रंग मिल जाते हैं गीत गाकर समां बांध दिया। थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत ने भी लोगों को शांतिपूर्ण होली मनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी दीपू रजक, सीडीपीओ गीता एलबिना बेसरा, पंचायती राज पदाधिकारी जनार्दन मंडल, बीपीओ पवन कुमार सिंह समेत भारी संख्या में प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## इग्नू ने छात्रों को दी बड़ी राहत, नामांकन और पुनः पंजीकरण की तिथि अब 15 मार्च तक

**रानीश्वर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में जनवरी 2026 सत्र के लिए नामांकन की प्रतीक्षा कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र (कोड 87019) को क्षेत्रीय कार्यालय देवघर से मिली सूचना के अनुसार, नामांकन की अंतिम तिथि, जो पहले 28 फरवरी 2026 निर्धारित थी, अब बढ़ाकर 15 मार्च 2026 कर दी गई है। अध्ययन केंद्र के समन्वयक ने बताया कि स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी अब 15 मार्च तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। पीजी पाठ्यक्रमों के तहत हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, लोक प्रशासन, ग्रामीण विकास, उर्दू, संस्कृत और वाणिज्य (एम.कॉम) जैसे विषयों में नामांकन की सुविधा उपलब्ध है। यही विषय स्नातक स्तर पर भी संचालित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही जनवरी 2025 सत्र के पुराने विद्यार्थियों के लिए पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि भी बढ़ाकर 15 मार्च 2026 कर दी गई है। इच्छुक विद्यार्थी किसी भी प्रकार की जानकारी या तकनीकी सहायता के लिए मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र से सीधे संपर्क कर सकते हैं।

# मारवाड़ी समाज ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया होलिका दहन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**दुमका।** नगर में रंगों के महापर्व होली को लेकर चारों ओर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। सोमवार को शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर पारंपरिक रूप से होलिका दहन का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। युवाओं की टोलियों ने लकड़ी और गोयठा एकत्रित कर होलिका तैयार की, जिसे शुभ मुहूर्त में जलाकर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया।



विशेष रूप से मारवाड़ी समाज में होलिका दहन का अनुपम दृश्य देखने को मिला। अग्रसेन भवन चौक पर समाज की महिलाओं ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। महिलाओं द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए गोबर के बड़कुला और होलिका को दहन स्थल पर अर्पित किया गया। शहर के प्रतिष्ठित स्थानीय व्यवसायी ललित संथालिया ने बताया कि मारवाड़ी परंपरा में यह पर्व नवविवाहित महिलाओं के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। नवविवाहिताओं ने होलिका की परिक्रमा कर अपने सुखी दांपत्य जीवन की कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस अवसर पर अरंडी के पेड़ को भक्त प्रहलाद का प्रतीक मानकर पूजा गया। होलिका दहन के पश्चात मारवाड़ी समाज में गणगौर उत्सव की शुरुआत हो जाती है, जिसके लिए महिलाएं होलिका की पवित्र राख को अपने घर ले गईं। दुमका के हर कोने में पारंपरिक गीतों और उल्लास के बीच होलिका दहन संपन्न हुआ, जो अब धुलेंडी के रंगों के लिए पूरी तरह तैयार है।

# नपं के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षद ने लिया शहर संवारने का संकल्प






**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**दुमका।** दुमका क्लब में सोमवार को होली के पावन अवसर पर एक भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस उत्सव की कमान नवनिर्वाचित नगर परिषद अध्यक्ष अभिषेक चौरसिया ने संभाली, जिसमें शहर के नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों की उत्साहजनक उपस्थिति रही। रंगों और गुलाल से सराबोर इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि पूरी तरह फागुनी मस्ती में डूबे नजर आए। डीजे के धुन पर अध्यक्ष अभिषेक चौरसिया और महिला पार्षदों का थिरकना आकर्षण का केंद्र रहा, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। समारोह के दौरान आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देते हुए अभिषेक चौरसिया ने भविष्य की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य सभी नवनिर्वाचित पार्षदों के बीच समन्वय स्थापित करना था। उन्होंने खुशी जाहिर की कि इस बार परिषद में अनुभवी चेहरों के साथ-साथ 21 में से 13 महिला पार्षदों की जीत हुई है, जो सशक्त लोकतंत्र का प्रमाण है। विकास के मुद्दे पर उन्होंने स्पष्ट किया कि होली के तुरंत बाद पार्षदों के साथ बैठक कर शहर की प्रगति की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

जनहित के कार्यों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष ने रसिकपुर क्षेत्र में पानी की समस्या के समाधान के लिए 5 मार्च से टैंकरों द्वारा जलापूर्ति का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि 20 मार्च तक सभी पार्षदों का शपथ ग्रहण संपन्न हो जाएगा। उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर उन्होंने स्पष्ट रुख अपनाते हुए कहा कि यह प्रक्रिया वार्ड पार्षदों के मतदान द्वारा पूरी होगी और इसमें अध्यक्ष की कोई व्यक्तिगत भूमिका नहीं रहेगी। हंसी-ठिठोली और सांस्कृतिक उल्लास के बीच सभी प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर दुमका के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस संताली भाषा के संरक्षण पर जोर



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**रानीश्वर।** अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर गोटा भारोत सिदो कान्हू हूल बैसी द्वारा एग्रो टेक्नोलॉजी पार्क, कड़हरबिल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में इंग्लैंड से आए डॉ. धूनी सोरेन उपस्थित थे।

अपने संबोधन में डॉ. सोरेन ने कहा कि मातृभाषा हमारी पहचान है और इसे बचाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बच्चों से संथाली भाषा में ही संवाद करना चाहिए, ताकि यह भाषा आने वाली पीढ़ियों तक जीवित रह सके। उन्होंने बताया कि विश्व में लगभग 7000 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं, जिनमें संथाली भाषा को भारत सरकार द्वारा विशेष दर्जा प्राप्त है। इसलिए इसके संरक्षण के लिए लिखना और पढ़ना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान संथाली के प्रख्यात लेखक विजय टुडू को उनके उत्कृष्ट लेखन योगदान के लिए ÷लाल मोहन हूल सोमबाद सिरोपा 2025÷ से सम्मानित किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र, शॉल तथा 11,000 रुपये की सम्मान राशि का चेक प्रदान किया गया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में असम से आए संथाली लेखक एवं समाजसेवी राज शेखर मरांडी ने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए सभी को एकजुट होकर शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में ईमानदारी से प्रयास करना होगा।

इस अवसर पर संथाली कुदुम, भेनता कथा एवं कहतुक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में फूलो झानो कोचिंग सेंटर, सुरजुडीह ने प्रथम स्थान, संत जोसेफ हाई स्कूल, गुहियाजोरी ने द्वितीय स्थान तथा अणु आश्रम स्कूल बेदिया, बासुकीनाथ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र एवं क्रमशः 1500, 1000 और 500 रुपये की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बैसी की अध्यक्ष डॉ. प्रोमोदिनी हंसदा सहित गमालियल हंसदा, सनातन मुर्मू, डॉ. ए. एम. सोरेन, कल्याणी हेम्ब्रम, जॉन सोरेन, फा. जॉन फेलिक्स और माखोदी सोरेन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से सुलेमान मरांडी, मनुएल सोरेन एवं सिरिल सोरेन ने किया।

# मारुति और टाटा जैसी कंपनियों में 133 आईटीआई छात्रों का चयन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**दुमका।** जिला प्रशासन के प्रयासों से दुमका के युवाओं के लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खुल रहे हैं। स्थानीय युवाओं को हुनरमंद बनाकर पलायन रोकने की दिशा में जिला प्रशासन को बड़ी सफलता मिली है। समाहरणालय में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में यह जानकारी सामने आई कि जिले के विभिन्न आईटीआई संस्थानों के 133 छात्रों का चयन देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ है।

इन छात्रों ने अपनी प्रतिभा के दम पर मारुति सुजुकी, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और रेलवे जैसे बड़े संस्थानों में जगह बनाई है। आंकड़ों के अनुसार, 97 छात्रों का चयन इन प्रमुख संस्थानों में हुआ है, जबकि होंडा मोटरसाइकिल में 27 और सन ब्राइट मैनपावर में 05 छात्रों को नियोजन मिला है। वहीं, 04 छात्र लार्सन ऐंड टुब्रो का हिस्सा बने हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि चयनित सभी छात्र-छात्राओं को अविलंब नियुक्ति पत्र उपलब्ध कराए जाएं।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन रोकने के लिए संचालित ÷आपनार आतो कामी÷ कार्यक्रम की भी समीक्षा की। उन्होंने इस कार्यक्रम की प्रगति पर संतोष जताते हुए इसे अप्रैल 2026 में प्रखंड स्तर पर और अधिक प्रभावी ढंग से चलाने का निर्देश दिया। वर्तमान में 2301 प्रवासी श्रमिकों का निबंधन किया जा चुका है। इसके साथ ही, स्कूली छात्रों को तकनीकी शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के लिए एक नई पहल शुरू की गई है। अब कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्र दुमका आईटीआई का भ्रमण करेंगे, जहां वे मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल जैसे आधुनिक ट्रेड की बारीकियां सीखेंगे। इस बैठक में श्रम अधीक्षक, जिला नियोजन पदाधिकारी और सभी आईटीआई के प्राचार्य उपस्थित थे।

## स्कूल में प्रेम और भाईचारे के साथ मना होली मिलन समारोह



**संवाददाता**
**मसलिया।** प्रखंड अंतर्गत विकास विद्यालय दलाही में सोमवार को हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य संदीप कुमार ने की। इस अवसर पर विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे अबीर-गुलाल और उत्साह से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने शिक्षकों के चरणों में अबीर लगाकर आशीर्वाद लेने के साथ की। विद्यार्थियों ने गुरुजनों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद बच्चों ने आपस में एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। पूरे परिसर में उल्लास और उमंग का वातावरण बना रहा। प्राचार्य संदीप कुमार ने इस मौके पर कहा कि होली आपसी प्रेम, एकता और सद्भाव का पर्व है। यह त्योहार हमें भेदभाव मिटाकर मिलजुलकर रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं मर्यादित तरीके से होली मनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक मलय झा, गुरुचरण मंडल, आकाश पाल, जयप्रकाश महतो, उदय नंदी, कविता चक्रवर्ती सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे। पूरा आयोजन सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# भागवत कथा के बीच कथावाचक से चाकू की नोक पर डिजिटल लूट

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**मसलिया।** थाना क्षेत्र के बसमत्ता गम्हरिया में एक ऐसी वारदात सामने आई है जिसने आस्था के माहौल को दहशत में बदल दिया। यहाँ भागवत कथा सुनने आए मैथन धनबाद के एक 28 वर्षीय कथावाचक दयाल लोहार अपराधियों की बर्बरता का शिकार हो गए। रात करीब 10 बजे जब वे पंडाल से कुछ दूर लघुशंका के लिए निकले, तभी दो पल्सर



बाइकों पर सवार चार नकाबपोश अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। अपराधियों ने दयाल की गर्दन पर चाकू सटाकर उन्हें पास के एक सुनसान क्रेशर मैदान में ले जाकर बेरहमी से पीटा। बदमाशों ने न केवल उनका सैमसंग स्मार्टफोन, चांदी की अंगूठियां और ब्रेसलेट छीना, बल्कि आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर लूट को अंजाम दिया। मारपीट के डर से अपराधियों ने दयाल से उनके फोन पे का पिन उगलवाया और खाते से 20 हजार रुपये अवैध रूप से ट्रांसफर कर लिए। लहूलुहान हालत में पीड़ित ने कथा समिति को आपबीती सुनाई, जिसके बाद मसलिया थाना में मामला दर्ज कराया गया। पुलिस अब बैंक ट्रांजैक्शन और मिनी स्टेटमेंट के जरिए उन खातों को ट्रैक कर रही है जिनमें पैसे भेजे गए हैं। आस्था के केंद्र पर हुई इस दुस्साहसिक लूट ने स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# प्राकृतिक संसाधनों और वृक्षों के संरक्षण का संकल्प, विश्वनाथ कांवर लेकर पहुंचे बासुकीनाथ

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**जरमुंडी।** पर्यावरण का संरक्षण कर प्रकृति (धरती) को बचाने के लिए पौड़ेयाहाट गोड्डा के युवक विश्वनाथ दे ने लोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है। इस कार्य के लिए विश्वनाथ ने एक अनूठे प्रयोग को माध्यम बनाकर, पैदल ही भारत भ्रमण करने की ठानी है। बता दें कि विश्वनाथ द्वारा बैठक धरती की प्रतिकृति ग्लोब और सूर्य की प्रतिकृति को कांवर में रखकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। विश्वनाथ के इस पुनीत अभियान में यात्रा के प्रथम पड़ाव,बासुकीनाथ में हुई एक भेंट वार्ता में उन्होंने कहा कि जिस प्रकार माता-पिता के बिना हमारा अस्तित्व नहीं है ,उसी प्रकार धरती और सूर्य के बिना किसी भी प्राणी का कोई अस्तित्व ही नहीं है। कहा कि जिस प्रकार सभी अपने माता-पिता की सेवा करते हैं, ठीक उसी तरह हमारी धरती मां की भी सेवा की जानी चाहिए, हमारी प्रकृति धरती माता को प्रदूषण से बचाकर तथा प्राकृतिक संसाधनों का खासकर हरे भरे वृक्षों के संरक्षण का संकल्प लेकर तथा संसाधनों का



अनावश्यक दोहन रोककर हम मानवता का बड़ा कल्याण कर सकते हैं। कहा धरती को बचाएं ताकि उनकी जो संतान है जैसे कि हम लोग हुए और सारे प्राणी हुए, कोई बीमारी से ग्रस्त ना हो, सभी स्वस्थ और सुरक्षित रहे, यही इस यात्रा का उद्देश्य है। विश्वनाथ देने बताया कि इस यात्रा की शुरुआत बिहार के बौंसी मंदारहिल से शिवरात्रि के दिन की गई। मंदार हिल से यात्रा का प्रथम पड़ाव बासुकीनाथ और बासुकीनाथ धाम से भोलेनाथ की इच्छा अनुसार अन्य तीर्थों की ओर यह यात्रा जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि मंदार पर्वत गो मंथन बनाकर देवताओं और दैत्यों ने समुद्र मंथन किया था, जिससे अमृत निकला। इससे बुरी शक्तियां पराजित हुई और संपूर्ण सृष्टि सहित देवताओं का कल्याण हुआ। लोक कल्याण के निमित्त सनातन को बचाने के लिए एक बार फिर आत्ममंथन का कार्य करने की जरूरत है, सभी सनातनियों को एक साथ आकर पूरी तत्परता से सनातन की रक्षा के लिए सामुहिक प्रयास करने की आवश्यकता है।